रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 03 अक्टूबर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-42 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### देश में जातिगत आंकडा जानना जरुरी : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिसकी जितना आबादी है सत्ता में उसे उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए इसलिए देश में जाति आधारित गणना करना जरुरी है। गांधी ने ट्वीट किया बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। केंद्र सरकार के 90 सचिवों में सिर्फ़3 ओबीसी हैं, जो भारत का मात्र 05 प्रतिशत बजट संभालते हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक़ - ये हमारा प्रण है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बिहार में जाति गणना की जाने का स्वागत किया और कहा बिहार सरकार ने अभी राज्य में कराए गए जाति आधारित सर्वे के नतीजे जारी कर दिए हैं।

### देवरिया की घटना से योगी दुखी, कठोर कार्रवाई के निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में सोमवार सुबह छह लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है और दोषियों के प्रति कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इस सिलसिले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। योगी ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया।

# पीएम मोदी ने कहा-आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश को टॉप-3 में लाने की गारंटी

## जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता भी है और पूजता भी है

डॉ शिशिर उपाध्याय ग्वालियर
www.dailypioneer.com



पीएम मोदी ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के विकास के लिए समर्पित है। जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूछता भी है और पूजता भी है। क्या 2014 से पहले किसी ने दिव्यांग शब्द सुना था? शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे इन लोगों को कांग्रेस की सरकारों ने अपने हाल पर छोड़ दिया था। हमने इनकी चिंता की, आधुनिक उपकरण दिए, कॉमन साइन लैंग्वेज तैयार कराई और आज ग्वालियर में इनके लिए स्थापित स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन किया है। दिव्यांगों के खेलों के मामले में ग्वालियर का नाम सारी दुनिया में रोशन होने जा रहा है। लेकिन आने वाले पांच साल ग्वालियर और मध्यप्रदेश के लिए बहुत अहम हैं। विकास की इस रफ्तार को बनाए रखने के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार का होना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने छोटे किसानों की चिंता की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान के खाते में अब तक 28 हजार रुपये दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में 2.5 करोड़ किसान मोटा अनाज उगाते हैं। हमने इन किसानों को नई पहचान दी और इनके उगाए गए अन्न को हमारी सरकार सारी दुनिया में ले जा रही है। हमारे बीच में धोबी, कुम्हार, सुतार, लुहार, बाल काटने वाले और न जाने ऐसे कितने लोग काम करते हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। विकास की दौड़ में ये विश्वकर्मा कहीं पिछड़ गए थे। हमारी सरकार ने इन्हें आगे लाने का अभियान शुरू किया और पीएम विश्वकर्मा योजना लांच की। सरकार इन्हें प्रशिक्षण भी देगी और अपना धंधा शुरू करने के लिए ऋण भी उपलब्ध कराएगी, जिसकी गारंटी मोदी देगा।

### आपका एक वोट देगा मध्यप्रदेश को टॉप-3 में लाने की गारंटी

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर को साहस, स्वाभिमान, सैन्य गौरव, संगीत, स्वाद और सरसों की भूमि बताते हुए कहा कि इस धरती से जो देशभक्त निकला, उसने अपना जीवन राष्ट्र के लिए खपा दिया। लेकिन हम जैसे करोड़ों लोगों को देश के लिए लड़ने का सौभाग्य नहीं मिला लेकिन देश को एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने का दायित्व हमारे कंधों पर है। इसी मिशन को आगे बढ़ाने में आज मैं आपके बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि आज 19 हजार करोड़ की इतनी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है कि आपके हाथ तालियां बजाते हुए थक गए होंगे। पहले की सरकारें जितने काम साल भर में करती होंगी, उतने काम हमारी सरकार एक दिन में कर सकती है। दशहरा, धनतेरस और दीवाली से पहले 2.21 लाख से अधिक परिवारों को अपना घर मिल गया है। उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी और इंदौर का लॉजिस्टिक पार्क प्रदेश में उद्योगीकरण को विस्तार देकर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।

### भाजपा सरकार प्रदेश का नया सुनहरा इतिहास गढ़ रही है : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश का नया सुनहरा इतिहास गढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश को 19 हजार करोड़ की सौगात लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के सपनों को साकार किया है। उन्होंने स्वच्छता के लिए हाथ में झाड़ू उठाई तो पूरा देश स्वच्छता अभियान में जुट गया। प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता के मंत्र को मध्यप्रदेश की जनता ने हाथों हाथ लिया और स्वच्छता में आज मध्यप्रदेश देश में नंबर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। किसी दुश्मन की हिम्मत नहीं है कि भारत माता की तरफ आंख उठा कर देख ले। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि अन्न के संकट के कारण सप्ताह में एक दिन व्रत रखो, लेकिन मोदी के नेतृत्व में आज देश के अन्न के भंडार भरे हैं और मध्यप्रदेश के किसानों ने तो ऐसा चमत्कार किया है कि 2003-04 तक 159 लाख मीट्रिक टन अन्न का उत्पादन था, आज अन्न का उत्पादन 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

### प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के विभिन्न रेल परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, बस्तर की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री आज 11 बजे अपराह्न में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। अवसंरचना विकास को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन और जगदलपुर से दंतेवाड़ा के बीच डबल रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ प्रधानमंत्री बोरीडांड से सूरजपुर रेल लाइन के दोहरीकरण परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ भी करेंगे। इन रेल परियोजनाओं से राज्य के जनजातीय इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रेल अवसंरचना में सुधार और नई रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी तथा इलाके में आर्थिक विकास को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। छत्तीसगढ़ के रेल संपर्क विहीन ताड़ोकी क्षेत्र में दल्लीराजहरा रावघाट परियोजना के अंतर्गत 272 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 17.65 किलोमीटर लंबी रेल लाइन छत्तीसगढ़ के वनवासी बाहुल्य क्षेत्र को परिवहन का सुलभ, किफायती और तेज साधन उपलब्ध कराएगी।

# भूपेश की भरोसे की यात्रा

## शैलजा समेत सभी दिग्गज हुए शामिल



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने भरोसा यात्रा निकाला। वरिष्ठ नेता अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा के सेलूद, गाड़ाडीह, जामगांव, रानीतराई में भरोसा यात्रा में शामिल हुये। प्रभारी कुमारी शैलजा उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अंबिकापुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत सक्ती, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग ग्रामीण, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, सह-सचिव विजय जांगिड़ सरगुजा में शामिल हुये। भरोसा यात्रा में हर विधानसभा क्षेत्रों में मोटर साईकिल रैली भी निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये तथा यात्रा का समापन हर विधानसभा क्षेत्रों में सभा के रूप में हुआ।

### कांग्रेस की भरोसा यात्रा लोगों की जन भावनाओं का प्रतीक : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। दूसरी ओर जब रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था। भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रूपए प्रति क्विंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज माफी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज माफ किया। किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रूपए मिल रहे है। भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू करके इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है।








# भरोसे की सरकार

## सेवा-जतन-सरोकार



## अब पूरा होगा किसानों का सबसे बड़ा सपना

# 20 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदा जाएगा धान



### वादे से ज्यादा देने का हमारा फौलादी इरादा

*धान उपजाने वाले किसान छत्तीसगढ़ की असली पहचान है। हमने इन किसानों के पुराने सारे दुख-दर्द मिटाने का फैसला लिया। प्रदेश की किसानों को 5 वर्षों में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपए की राशि देकर हमने अपना कर्तव्य निभाया है। ऋण माफी, धान के लिए 2500 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक, निःशुल्क बिजली, सिंचाई कर माफी जैसे सारे उपायों को जोड़ दें तो यह राशि और भी अधिक हो जाएगी।*

*जनघोषणा-पत्र के वादों से ज्यादा देने की एक और मिसाल प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की व्यवस्था है, जिसके लिए हमने 33 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था कर ली है। 1 नवंबर 2023 से धान खरीदी शुरू की जा रही है, जिसमें यह नई व्यवस्था आकार लेती दिखेगी। जिसे असंभव समझा जा रहा था उसे हम संभव बना कर ही दम लेंगे।*

**-भूपेश बघेल,**
**मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़**

| वर्ष | धान विक्रेता किसान | धान खरीदी मात्रा (मी.टन) | समर्थन मूल्य (करोड़ रुपए) | बोनस/इनपुट सब्सिडी | कुल भुगतान (करोड़ रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2018-19 | 15,71,414 | 80,37,011 | 14,115 | 5,979 करोड़ रु. बोनस | 20,094 |
| 2019-20 | 18,38,593 | 83,94,581 | 15,285 | 5628 करोड़ रु. इनपुट सब्सिडी | 20,913 |
| 2020-21 | 20,53,599 | 92,02,388 | 17,241 | 5553 करोड़ रु. इनपुट सब्सिडी | 22,794 |
| 2021-22 | 21,77,419 | 97,02,388 | 19,037 | 7028 करोड़ रु. इनपुट सब्सिडी | 26,065 |
| 2022-23 | 23,42,050 | 1,07,53,024 | 22,067.24 | 8,000 करोड़ रु. इनपुट सब्सिडी | 30,000 (3 किस्तें प्रदत्त) |

### खेती को बनाया फायदे का सौदा

5 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में किसानों की माली हालत काफी खराब हो गई थी, किसान या तो मजदूरी को विवश थे या गांव छोड़कर जाने लगे थे। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों की जेब में पैसे डाले और ऐसा वातावरण बनाया कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिले। अब प्रदेश में खेती फायदे का काम हो गई है। जिसके कारण खेती-किसानी छोड़कर गए किसान लौटे तथा नए किसान भी बढ़े हैं।

## 15 अक्टूबर तक पंजीयन ▪ 1 नवंबर से धान खरीदी

जनमन रिपोर्ट | रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों की सबसे बड़ी आशा पूरी करने वाली धान खरीदी 1 नवंबर 2023 से शुरू करने की घोषणा कर दी गई है। इस बार की धान खरीदी कई मायनों में अभूतपूर्व होगी। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार हर पंजीकृत किसान के प्रति एकड़ खेत से 20 क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।


पांच साल पहले प्रदेश में मात्र 59.89 लाख टन धान खरीदी मात्र 12.60 लाख किसानों से की गई थी। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रति वर्ष धान खरीदी की मात्रा बढ़ाते हुए वर्ष 2022-23 में 107.53 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का कीर्तिमान बनाया था। किसानों की संख्या भी बढ़कर 24.96 लाख हो गई थी। इस तरह 5 वर्षों के अल्प समय में धान खरीदी और बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़कर लगभग दोगुनी हो गई।

श्री भूपेश बघेल ने अपना ही कीर्तिमान तोड़कर नया प्रतिमान रचने का हौसला दिखाया और प्रति एकड़ प्रति किसान धान खरीदी 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल करने का निर्णय ले लिया। जिसे एक तरह का दुस्साहस माना जा रहा था, लेकिन फौलादी इरादों के पक्के श्री बघेल ने ठान लिया था कि किसानों के हित का यह काम वे जरूर करेंगे। इसके लिए मंत्रिमंडल में फैसला ले लिया गया तथा वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के लिए 33 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था कर ली। इतना ही नहीं, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत 9000 रुपए प्रति एकड़ की दर से इनपुट सब्सिडी देने की व्यवस्था भी की गई है।

केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आगामी खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बायोमेट्रिक व्यवस्था से होगी जिसके लिए किसानों को जागरुक किया जा रहा है।

इस वर्ष धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य के अनुसार साढ़े सात लाख गठान जूट बारदाने की आवश्यकता होगी। जिसकी व्यवस्था के लिए केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से राज्य सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं।

1 नवंबर 2023 से धान खरीदी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत शुरू होगी और 31 जनवरी 2024 तक चलेगी।



# डीएवी पब्लिक स्कूल किरन्दुल में गांधी एवं शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया।कार्यक्रम का श्रीगणेश प्राचार्य पी एल वर्मा एवं सभी शिक्षकों के द्वारा महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात् विद्यालय के स्काउट गाइड इकाई के द्वारा सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गाँधी जी के स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।बच्चों के स्वच्छता स्लोगन से नगर गूंज उठा।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## जोंद्रापदर में गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान



**कोंडागांव।** स्वच्छता ही सेवा के देशव्यापी अभियान में भागीदारी करते हुए प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर के बच्चों, शिक्षकों ,ग्रामीण महिलाओं ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्कूल परिसर, सामुदायिक भवन, खेल ग्राउंड में फै ली प्लास्टिक पन्नी, कचरा की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही नशा मुक्ति, प्लास्टिक उन्मूलन जागरुकता रैली निकाल ग्राम जोन्दरा पदर के किराना दुकानदार, होटल में जाकर ग्रामवासियों पालको को शिक्षिका मधु तिवारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा प्रबंधन व साफ सफाई के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ स्वस्थ सुंदर कोंडागांव जिला बनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही नशामुक्त गांव बनाने हेतु नशे से दूर रहने तम्बाकु, गुड़ाखु, सिगरेट, शराब के शरीर पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव व सामाजिक बुराइयों के प्रति सावधान करते हुए नशा मुक्ति शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर जोन्दरा पदर के कर्मचारियों शिक्षिका स्मिता नेताम का भरपूर सहयोग रहा।

## मानचित्र बनाकर स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव और शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ सीआर पटेल, शशिभूषण कन्नौजे, समलेश पोटाई व अनीक्षा अंचल के मार्गदर्शन व उपस्तिथि में महात्मा गांधी के सपनो का स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ्ता पखवाड़ा महाविद्यालय परिसर मे 1 घंटा के लिए श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एनएनएस कोंडागांव की श्रृंखला बनाकर लोगों को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सक्रियता को दशार्या गया। साथ ही साथ स्वच्छता रैली, नुक्क ड़ नाटक, वृक्षारोपण और स्वच्छता सफथ ग्रहण के द्वारा भी स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के सहायक शिक्षक और वरिष्ठ स्वयंसेवक गायत्री पोर्ते, दीपक जैन, वरिष्ठ स्वयंसेवक अजीत सिन्हा, देवेंद्र सेठिया, जिगेश कॉमरे, बिंदिया, प्रियंका सोरी, भूमिका कोर्राम, रयतु राम, मुकेश पोयाम, ममिता, आंचल साहू, दीप्ती, टिकेंद्र, सदमनी, रीना दुग्गा, प्रमिला, मोनिका, दीपांजलि, ओमप्रकाश खुशी साहू, अमृता और स्वयंसेवक गरिमा, परमेश, खिलेन्द्र, पंकज, मुंजी, मानसा, मिनीता, भुनेश्वर, धनसाय, गनेश, संजय, रविंद्र और समस्त साथी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

## बचेली परियोजना के प्रशासनिक भवन में गांधी जयंती मनाया



पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com

बचेली परियोजना के प्रशासनिक भवन में गांधी जयंती मनाया गया। इस शुभ दिन के अवसर पर बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक बी. वेंकटश्वरलु द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी ने माल्यार्पण कर गांधी जी को याद किया। इस कार्यक्रम में पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक, धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक), मधुसूदन राव, महाप्रबंधक ( संयंत्र विद्युत), एम एम अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (सिविल), गौरंगा घोरई महाप्रबंधक (यांत्रिक) प्लांट, टी शिव कुमार, खानप्रबंधक, जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष, एसकेएमएस, टी.जे. शंकर राव, सचिव, एसकेएमएस, देबाषीष पॉल, अध्यक्ष, एमएमडब्ल्यू ,अन्य विभागाध्यक्षगण तथा कर्मचारीगण सम्मलित हुए थे। अधिशासी निदेशक ने कार्यक्रम के दौरान ही गांधी जी द्वारा दिए गए शिक्षाओं को याद कर जीवन में अमल लाने की बात कही ताकि समाज की प्रगति में हर एक अभिन्न हिस्सा बन सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर स्वच्छता मिशन कार्यक्रम आज समापन किया और प्रशासनिक भवन में ही साफ-सफ़ाई करवाई।

# जियो केबल लगा रहा युवक को शॉर्ट लगने से हुआ चोटिल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल सुभाष नगर में जियो केबल लगा रहा युवक ट्रांसफॉर्मर से शॉर्ट लगने के कारण नीचे गिरकर घायल हो गया।बता दें घटना रविवार शाम की बताई जा रहीं हैं जब 26 वर्षीय युवक सीढ़ी में चढ़कर केबल लगा रहा था इस बीच उसे शॉर्ट लगने से नीचे गिर गया स्थानीय लोगों द्वारा युवक को एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। प्रोजेक्ट मेनेजर शिव शेखावत ने बताया कि जानकारी मिली हैं एवं प्राथमिक उपचार कर उसे रेफर किया गया हैं।थाना प्रभारी साकेत बंजारे ने कहा कि घटने की जानकारी हैं रिपोर्ट के बाद जांच की जायेगी।विद्युत विभाग के जेई गणेश ध्रुव ने बताया कि केबल लगाने हेतु कहां से परमिशन लिया गया हैं जानकारी नहीं हैं।

# पीएम मोदी आज ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का करेंगे शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ पीएम मोदी कल ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का करेंगे शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, बस्तर की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 3 अक्टूबर को 11 बजे अपराह्न में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे । अवसंरचना विकास को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन और जगदलपुर से दंतेवाड़ा के बीच डबल रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ प्रधानमंत्री बोरीडांड से सूरजपुर रेल लाइन के दोहरीकरण परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे । इस दौरान प्रधानमंत्री ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ भी करेंगे । इन रेल परियोजनाओं से राज्य के जनजातीय इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रेल अवसंरचना में सुधार और नई रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी तथा इलाके में आर्थिक विकास को मदद मिलेगी।ओडीएफप्लस गांव फुलकर्रा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। छत्तीसगढ़ के रेल संपर्क विहीन ताड़ोकी क्षेत्र में दल्लीराजहरा रावघाट परियोजना के अंतर्गत 272 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 17.65 किलोमीटर लंबी रेल लाइन छत्तीसगढ़ के वनवासी बाहुल्य क्षेत्र को परिवहन का सुलभ, किफायती और तेज साधन उपलब्ध कराएगी । यह लाइन पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा इस्पात संयंत्रों के लिए लौह अयस्क समृद्ध क्षेत्रों से परिवहन सम्पर्क की सुविधा प्रदान करेगा । प्रधानमंत्री बोरीडांड से सूरजपुर रेल लाइन के दोहरीकरण का शिलान्यास भी करेंगे,79 किलोमीटर लम्बी यह परियोजना 775 करोड़ की लागत से पूरी होगी ।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों ने ग्राम भाटा गुड़ा में निकाली रैली



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय धरमपुरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा ग्राम भाटा गुड़ा में जागरूकता रैली निकाल कर और ग्राम की साफ सफाई की गई यह पूरा कार्य कमान अधिकारी कर्नल बी.एस. धामी तथा प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी अधिकारी चीफ अफसर अनूप बोस और सेना के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट परिसर में गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी पुष्पांजलि



पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने 02 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कलेक्टोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर हमेशा चलने, उनके बताए गए सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपने व्यवहारिक जीवन में शामिल कर सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान एवं देश को स्वतंत्र कराने मे उनके योगदान की महती भूमिका है जो हमेशा याद किया जाएगा महात्मा गांधी जैसे महापुरुष के हम सदैव ऋणी रहेंगे। इस अवसर सभी अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया इस दौरान संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके, सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने कहा जो बीड़ा उठाया है उसे जिम्मेदारी से पूरा करें

# शिक्षादूतों का दो दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com




जिले में संचालित 220 पुनः संचालित स्कूलों के शिक्षादुतों का 2 दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण डाइट बीजापुर में आयोजित किया गया । प्रशिक्षण में बच्चों में भाषा और गणित के न्यूनतम दक्षता को विकसित करने तथा टीएलएम सामग्री निर्माण कर रुचिकर शिक्षा देने के गतिविधियां कराई गई । इस अवसर पर कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने सभी स्कूलों की समीक्षा कर कहा की अब हमें पुनः संचालित शालाओं को नियमित शालाओं की तरह गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने पर ज्यादा फोकस करना चाहिए। सभी स्कूल नियमित चले और बच्चों को बुनियादी शिक्षा हासिल हो यह पहली प्राथमिकता है। इसके बाद हम मूलभूत और बुनियादी आवश्यकताओं को विकसित करने का प्रयास करेंगे । शिक्षादुतों के मानदेय का भुगतान अब डिजिटल उपस्थिति और वेतन पत्रक प्रमाणीकरण के पश्चात जिला स्तर से दिया जायेगा। जिला स्तर से डिस्ट्रिक्ट लीड, प्रोग्राम लीडर तथा फील्ड कोआर्डिनेटर 200 स्कूलों की मॉनिटरिंग कर शैक्षणिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने का कार्य जिम्मेदारी से करेंगे जिसकी हर महीने समीक्षा सतत रूप से होगी। जिन स्कूलों में पेयजल की दिक्कत है वहां पानी की जांच कर शुद्ध पानी की व्यवस्था पूरी की जाएगी । इस वर्ष खोले गए 21 स्कूलों में आवश्यक सामग्री एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करा दिया जायेगा । कोई भी संस्था अनियमित रूप से संचालित होगी तो नियमित नही किया जाएगा इसलिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। इस अवसर पर डीईओ बीआर बघेल ने कहा कि शासन और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप सभी पुनः संचालित शालाओं को व्यवस्थित और नियमित संचालन का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षादुत दूरस्थ और संवेदनशील इलाकों में जो कार्य कर रहे है उसमे और भी ज्यादा सुधार हो इसके लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में शिक्षा गुणवत्ता के लिए जो बिंदु रखे गए हैं उसका सफल संचालन हो इसकी आप सभी से अपेक्षा है। एपीसी एवं नोडल अधिकारी जाकिर खान ने शिक्षादुतो को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी मेहनत से हम 8000 बच्चों तक पुस्तक कापी पहुंचाकर शिक्षा से जोड़ने में सफल हुए हैं।

03 Oct. 2023 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# परसदा में एक करोड़ की लागत से बनेगी पानी टंकी, होगा पाइपलाइन का विस्तार

## संसदीय सचिव ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना कर किया निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



ग्राम परसदा ब में एक करोड़ की लागत से पानी टंकी निर्माण के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन विस्तारीकरण के बाद घरों में पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी।

ग्राम पंचायत परसदा ब में पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाउलाल चंद्राकर, गौरव चंद्राकर मौजूद रहे। सर्वप्रथम संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पानी टंकी निर्माण और पाइपलाइन विस्तारीकरण के बाद घरों में पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य प्रगति पर है। आने वाले दिनों में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को तेज करने और ग्रामीणों को सुविधा मुहैया करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है। क्षेत्र के विकास की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर उनका आभार जताते हुए कहा कि जो भी मांग की जा रही है उसे पूरा किया जा रहा है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से क्षेत्र में द्रुत गति से विकास हो रहा है। शहर के साथ गांवों में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समुन देवदास, सोहद्रा ध्रुव, पुन्नी विश्वकर्मा, पार्वती ध्रुव, कमला देवदास, रूखमणी, द्रोपती, पुष्पा विश्वकर्मा, बेना ध्रुव, जमुना ध्रुव, बेनू चंद्राकर, परमिला ध्रुव, गौरी यादव, भगवंतीन विश्वकर्मा, मालती ध्रुव, रमशीला विश्वकर्मा, परमिला यादव, संजना यादव, रूखमणी ध्रुव, नंदनी ध्रुव, त्रिवेणी देवदास, छोटेलाल विश्वकर्मा, गौतम ध्रुव, खोमन ध्रुव, प्रीति ध्रुव, रेशम ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, बिंदा ध्रुव, देवंतीन ध्रुव, टिकेश्वरी ध्रुव, रेखती यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# गुरु द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को मंत्र के समान मानकर वैसा आचरण करने से जीवन सफल हो जाता है : जगतगुरु नरेंद्राचार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज नानीज धाम महाराष्ट्र का एक दिवसीय प्रवचन दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव तहसील में स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 10 हजार भक्तों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में लगभग 800 भक्तों का समस्या मार्गदर्शन किया गया तथा 600 से अधिक भक्तों ने उपासना दीक्षा लेकर स्वामी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से 1 घंटा तक स्वच्छता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि देने हेतु जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान नानीज धाम महाराष्ट्र मुख्य पीठ के छत्तीसगढ़ उपपीठ स्व स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में बाजार एवं सड़क किनारो की समुचित सफाई किया गया। 1 अक्टूबर 2023 को जगतगुरु द्वारा एक दिवसीय प्रवचन दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन समारोह डोंगरगांव जाते समय रास्ते में ग्राम अर्जुनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वामी जी द्वारा स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न केवल अपने घर बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी साफ सुथरा रखना चाहिए। कोई भी कचरा सड़क पर या नाली पर नहीं डालना चाहिए। प्लास्टिक का उपयोग धीरे-धीरे बंद करना चाहिए। जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो सके और हम स्वस्थ रहकर दीर्घायु जीवन जी सके। इस अवसर पर स्वामी जी ने कहा कि इस कलयुग में पुण्य संचय करने हेतु गुरु का मार्गदर्शन अति आवश्यक है। बिना गुरु के जीवन व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि सतयुग, त्रेता युग और द्वापर युग में भगवान को भी गुरु दीक्षा लेना पड़ा था, तभी उनका जीवन सफल हुआ है। इस कलयुग में भी सतगुरु मिलने से जीवन का सफर आसान हो जाता है। किंतु यह भी आवश्यक है कि पानी पियो छान कर और गुरु बनाओ जानकर अर्थात किसी को भी अपना गुरु बनाने के पहले, गुरु मानने के पहले उन्हें आजमा ले और जब आप उनसे संतुष्ट हो तब बिना देरी किए गुरु बना लेना चाहिए । गुरुबाक्यम मंत्र मूलम कहा गया है, अर्थात गुरु द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को मंत्र के समान मानकर वैसा आचरण करने से जीवन सफ्ल हो जाता है। स्वामी जी के दो मूल मंत्र हैं पहला तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो तथा दूसरा सपने में भी किसी के बारे में बुरा मत सोचो। तुम्हारा कल्याण होगा। इन दोनों मूल मंत्र को अपने जीवन में अपना कर अपने तथा अपने परिवार के इहलोक और परलोक दोनों के सद्गति के लिए मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। गुरु के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से निश्चित ही सफ्लता प्राप्त होती है। आज का प्रवचन दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन कार्यक्रम अभूतपूर्व ढंग से सफ्ल रहा। आज के कार्यक्रम की सफ्लता के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के पदाधिकारी गण एवं भक्तगणों के अथक प्रयास तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया और शासन प्रशासन के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए स्वद्धस्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल उपपीठ छत्तीसगढ़ आभार प्रकट करता है।

# संसद में हम बेटियों का मान बढ़ाने, 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री मोदी से शिष्टाचार भेंट कर भारवि वैष्णव, भारतीय स्त्री शक्ति कोर कमेटी सदस्य व प्रशासनिक अधिकारी सीजी कॉलेज आफ नर्सिंग ने संसद में हम बेटियो का मान बढाने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही छ.ग. व समस्त प्रदेशों मे विधायक, मंत्री, सांसद और मुख्यमंत्री पद पर जमीनी व सामर्थ्यवान बेटीयो व महिलाओ को अवसर प्रदान करने के लिए आग्रह किया।

# दीप क्लब कोदवा द्वारा महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

1 अक्टूबर स्वच्छता पखाड के अंतर्गत दीप क्लब कोदवा द्वारा महात्मा गांधी जी के जयंती के उपलक्ष में संदेश स्वच्छ भारत मिशन अभियान अभियान चलाया गया जिसमें दीप क्लब कोदवा के बच्चों द्वारा चौक चौराहे एवं तालाब का साफ सफाई किया गया। जिसमें सागर वर्मा, सुनील वर्मा, सत्यम, अजय, रामशप्त, ऋषि यदु, पुरषोत्तम यदु, दौलत वर्मा, भागवत, धनेश्वर, रामेश्वर, वासुदेव वर्मा, कुशल वर्मा, केशव, तेजप्रकाश, राजशेखर कश्यप, राजू निषाद, राजा, गोलू जायसवाल छविनाथ, तोशन निषाद अंजनी वर्मा शुभम, उमेश्वरी, जानकी, खीलेश्वरी, रीना, बुदेश्वरी, उतारा, रूप, सविता, दीप क्लब एवं समस्त ग्रामवाशी उपस्थित थे।

# निपनिया में सामूहिक श्रम दान कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत निपनिया में सामूहिक श्रम दान कार्यक्रम रखा गया था जिसमे जनपद पंचायत से अधिकारी गण होरीलाल कन्नोजे गेंद्रे, हेमलाल वर्मा एवं निपनिया जनपद सदस्य शैल कुमारी नरेश नेताम,भरतपुर जनपद सदस्य सुभद्रा संतोष ध्रुव ग्राम पंचायत निपनिया सरपंच कामता प्रसाद रावत, सचिव शंभु नाथ ध्रुव, पंच उदे राम ध्रुव, मनाराम यादव, महेश ध्रुव, युवा मितान क्लब अध्यक्ष मोतीलाल देहरी, राजेश वर्मा, धन्नू वर्मा एवं पीआरपी, महिला संगठन, सक्रिय महिलाए सम्मिलित होकर पंचायत परिसर, बजार में साफ सफाई कर स्वच्छता का कार्य किया और स्वच्छ भारत अभियान में शामिल हुए साथ ही साथ साफ सफाई रखने सलाह दिए और स्वच्छ रखने रैली निकाल कर सामूहिक शपथ ग्रहण कराया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती मनाया गया



पायनियर संवाददाता < झलप
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान में साहू समाज प्रदेश के आव्हान जिला साहू संघ महासमुंद अध्यक्ष धरम दास साहू, झलप परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेम साहू के मार्गदर्शन में झलप ग्रामीण में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर में ग्रामों के तालाब झलप में सफाई साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र बस्तीपारा के प्रांगण को भी सफाई किया गया। गांधी जी के छाया चित्र में पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। स्वच्छता अभियान में ग्राम प्रमुख ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष भागीरथी मार्कण्डेय, कौशल देवांगन, अतुल गुप्ता, दीपक मोंगरे, मो. शोएब समीर, प्रमोद ध्रुवंशी जगत साहू, परिक्षेत्र सचिव राकेश साहू, टेकचंद साहू, मनोज साहू, मनहरण साहू, पदमनी साहू, उमा साहू प्रदेश संगठन सचिव महिला प्रकोष्ठ, गणेशिया साहू सेवती साहू रोशन साहू कमल साहू रामसिंग ध्रुव, मंजानु साहू, मनोज पटेल, जनक पटेल, जीवन साहू, रजनी साहू, रमोतिन साहू, राधा साहू समस्त झलप साहू समाज व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की सामान्य एवं महिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का अयोजन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में राष्ट्रीय सेवा योजना की सामान्य एवं महिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का अयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय डॉ एच. एल. सोनबोइर की अध्यक्षता में कराया गया। तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, वाद विवाद, रंगोली एवं अन्य प्रतियोगिता संपादित की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा, जिला बलौदा बाजार भाटापारा, छत्तीसगढ़ द्वारा तंबाकू नियंत्रण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी डॉक्टर अरुण ऐक्का, दंत चिकित्सक के द्वारा दी गई । इस तंबाकू निषेध कार्यक्रम में डॉ अरुण एक्का द्वारा नशे के दुष्प्रभाव बारे में बताया, साथ ही तंबाकू उत्पाद के सेवन से क्या नुकसान है एवं तंबाकू छोड़ने वक्त क्या-क्या परेशानी आ सकती है बताया गया। उन्होंने कोटपा की धारा की जानकारी दी। धारा 5 के तहत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध है और अपराध पाए जाने पर 2 वर्ष से 5 वर्ष तक की सजा और अपराध राशि भी जमा करनी पड़ती है।

कार्यक्रम में किसी विज्ञान केंद्र भाटापारा के प्रमुख व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ए. एस. राजपूत तथा महाविद्यालय के सभी प्रध्यापक डॉ के के पांडे, डॉ. शरद श्रॉफ, डॉ पंचराम मिरझा, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. यू. के. वट्टी सहित 54 वालंटियर शामिल हुए।

# घर घुसकर शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वाले गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिले में अपराधो की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रं. 748/23 धारा 452, 327, 294, 323, 506 भादवि के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। 29.09.2023 को आरोपी सालोमन मशीह पिता अशोक मशीह उम्र 20 वर्ष साकिन मिशन परसाभर के द्वारा प्रार्थीया के घर अंदर जबरदस्ती घुस कर प्रार्थीया से शराब पीने के लिये पैसा मंगने लगा जिस पर प्रार्थीया अपनी मम्मी से पूछकर दुगी बोली आरोपी सालोमन मशीह के द्वारा प्रार्थीया को मां बहन की गंदी गंदी गाली एवं जान से मारने की धमकी देकर हाथ से मारपीट करने के प्रार्थीया के रिपोर्ट पर प्रार्थीया एवं गवाहों का कथन लिया गया तथा आरोपी से पुछताछ किया जुर्म स्वीकार किया सालोमन मशीह को गिरफ्तार किया गया।

# 18 तालाबों में होगा प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

दुनिया भर में शांति, अहिंसा और नैतिक चरित्र की शुद्धता का नजरिया देने वाले पूरी दुनिया की स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर, हमारे भारत की पहचान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती के अवसर पर उनके स्वच्छ भारत के सपना को पूरा करने के लिए महासमुंद शहर और आसपास ग्रामों के 15 तालाबों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस मिशन में हम मुख्य रूप से तालाब परिसर में प्लास्टिक कचरा का निपटान कर परिसर को स्वच्छ बनाने का प्रयास करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता हेतु जनजागरण का प्रयास भी करना है, जिसमें तालाब का उपयोग उपभोग करने वालों को प्रतिदिन स्वच्छता कार्य करने की अपील, बच्चों एवं युवाओं के स्वच्छता कार्य में भागीदारी के साथ स्वच्छता के महत्व से उनको अवगत कराना, जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस कड़ी में 2 अक्टूबर को महासमुंद शहर के महामाया, शीतला, दर्री, नवा, बंधुआ, टामकी, गुरु, पिटियाझर तालाब के साथ-साथ आसपास के गांव बेमचा, खैरा, खरोरा, तुमाडबरी, लभराखुर्द, बेलसोडा, बरोंडाबाज़ार में समय एक साथ सुबह 07 से 10 बजे तक स्वच्छता का कार्य के प्लास्टिक कचरे के निपटान का प्रयास किया जावेगा।







## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चलाया गया अभियान

# न्यू विस्टा लिमिटेड ने चलाया सघन स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



न्यूवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन, सी.एस.आर.हेड अमित रेले की प्रेरणा एवं जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेष्वर एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बेनर्जी के मार्गदर्षन में राष्ट्र मे चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम रिसदा में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे मुख्य रुप से सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ कुषल वर्मा, ग्राम पंचायत रिसदा के सरपंच जितेन्द्र खुंटे, जिला भाजपा महामंत्री एवं पंच कौषिल्या वर्मा, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं पंच जितेन्द्र धुरंधर, पंचगण, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा के संस्था प्रभारी डॉ अविनाश केसरवानी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकास जायसवाल, न्यूवोको सी.एस.आर. के क्लस्टर मैनेजर चंद्रशेखर उपाध्याय उनकी पूरी टीम के साथ ही ग्राम रिसदा की मितानीन रेखा वर्मा, भगवती जायसवाल, गंगा साहू, निरुपमा खुटे, शकुन खुंटे, सरस्वती खुंटे एवं बडी संख्या में सी.एस.आर. प्रषिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षार्थी और ग्रामीणो ने भाग लिया। न्यूवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड राजू रामचंद्रन ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है जो स्वयं, समाज और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। स्वच्छता स्वस्थ रहने का माध्यम है। हम स्वच्छता अपनाकर खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और अच्छे स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है और इसे हमे अनिवार्य रुप से करना चाहिये। कार्यक्रम की अगली कडी में चंद्रषेखर उपाध्याय ने उपस्थित जनसमूह को पूरे देषभर मे चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के बारे में बताया तथा डॉ अविनाश केसरवानी ने स्वच्छता के महत्व और इसमें हमारी भागीदारी के बारे में बताया गया। इसके उपरांत ग्रामीणों मे स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने हेतु रैली निकाली गयी जिसमें स्वच्छता नारों से संदेष दिया गया। कार्यक्रम की अगली कडी में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा, मंदिर तथा सार्वजनिक स्थानों की श्रमदान से साफ सफाई की गयी जिससे ग्रामीणो में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी आये। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह हो स्वच्छता शपथ दिलायी गयी कि वे प्रतिदिन स्वेच्छा से श्रमदान करके अपने गांव को साफ सुथरा रखेंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्रं./01/न.पा.नि./योजना शाखा/2023-24 बीरगांव, दिनांक 22/09/2023

### // मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा पात्र फर्मों/ठेकेदारों से निम्नानुसार कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर. 2020 से प्रतिशत दर पर एवं नॉन एस.ओ.आर. आईटमों का आईटम रेट तीन लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 09.10.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 09.10.2023 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 13.10.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 13.10.2023 सायं 4.00 बजे।

| S. No. | Work Details | Estimated Cost (Rs. Lacs) |
|---|---|---|
| 1 | मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बीरगांव ट्रांसपोर्ट नगर में डॉ. खूबचंद बघेल की मूर्ति स्थापना कार्य। | 20.00 |
| 2 | स्ट्रीट लाईट हेतु क्लैम्प, नट-बोल्ट, वॉशर, कनेक्टर एवं अन्य सहायक सामग्री आपूर्ति कार्य। | 5.00 |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचलनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

# नये वाटर सप्लाई सिस्टम से आने वाले 30 साल तक कुनकुरी में नहीं होगी पेयजल की समस्या : यूडी मिंज

**कुनकुरी में दूर होगी पेयजल समस्या, 48 करोड़ की जल आवर्धन योजना को मंजूरी, विधायक मिंज ने किया भूमिपूजन**

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुरनगर। कुनकुरी में नगर के करीब 20 हजार की आबादी में पेयजल संकट की समस्या अब दूर होती नजर आ रही है।लोगों को बड़ी राहत मिलेगी. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अमृत मिशन 2.0 के तहत नगर में 48 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना को मंजूरी देते हुए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसका टेंडर भी लग चूका है विधायक यू डी. मिंज की मांग पर नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वीकृति दे दी है जिसका भूमिपूजन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया. विधायक यू डी. मिंज ने इस विशेष सौगात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया को नगर वासियों की ओर से धन्यवाद दिया है. कुनकुरी नगर की जल प्रदाय व्यवस्था वर्षों पुरानी होने के कारण वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र में नियमित एवं पर्याप्त जल प्रदाय किया जाना संभव नहीं हो पा रहा था। गर्मी शुरू होते ही नगर में पानी की किल्लत शुरू होने लगती थी। वर्तमान में पंचायत समय से बनी व्यवस्था ईब नदी ढोंढ़ीडांड से पेयजल आपूर्ति की जा रहीं थी लेकिन इसके माध्यम से सही से आपूर्ति नहीं हो पा रहीं थी. वर्तमान में ढोंढ़ीबाहर ईब नदी से पेयजल आवर्धन योजना के लिए 48 करोड़ की नई स्वीकृति विधायक ने कराई है जिससे कि लोगों को राहत मिल सके। इस जल आवर्धन योजना के लगभग एक वर्ष में पूर्ण होने के बाद नगर पंचायत कुनकुरी के नागरिकों को आगामी तीन दशकों तक पेयजल सुलभ रूप से मिलता रहेगा।

**पांच स्थानों बनेगा ओवरहेड टैंक**–नगर पंचायत एल्डरमेन आशीष सतपति ने बताया कि कई वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है। इस बात को ध्यान रखते हुए इस योजना के तहत 5 पानी टंकी का निर्माण किया जाएगा। जिससे नगर के सभी 15 वार्डो में लोगों को भरपूर पानी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक एक से वार्ड क्रमांक 15 तक पाइप लाइन का विस्तार भी किया जाएगा। जल आवर्धन योजना के भूमिपूजन समारोह में विधायक यू. डी. मिंज ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने से सभी घरों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और विशेष रूप से हमारी बहनों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अजेम टोप्पो, उपाध्यक्ष जगदीश आपट, बृजलाल राणा , लालदेव राम ,उर्मिला लकड़ा, दीपक केरकेट्टा, रुखसाना बानो, समा अंजुम, सीएमओ पुष्पा खलखो, दिलीप जैन एल्डर मैन,आशीष कुमार सतपती एल्डरमेन, पार्षदगण एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## कांग्रेस सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी व हितग्राही कार्ड का किया पंजीयन

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बगाईजोर अजा मुहल्ला में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश समन्वयक व जिला खनिज न्यास सदस्य अजय नन्द ने बगाईजोर अजा मुहल्ला में जाकर अंतीम व्यक्ति को कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा दिये जा रहे लाभ की जानकारी दी एवं हितग्राही कार्ड का पंजीयन भी कराया गया।और सभी का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का अपील किया गया।इस अवसर पर होरीलाल रात्रे, बलीराम रात्रे,आजू रात्रे,कुलमणी रात्रे, रामलाल रात्रे, क्षमानीधि रात्रे, नरेश ओगरे, रामप्रसाद ओगरे, शिवचरण ओगरे, नवीन रात्रे, प्रभुलाल रात्रे, श्याम बाई रात्रे, फगनी बाई रात्रे, सुखमोती रात्रे,राजमोती रात्रे,किशोर बारीक, धनुरजय बंजारे, रतिदास रात्रे सहित मुहल्ला वासी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के समीक्षा बैठक में विधानसभा चुनाव पर हुआ चर्चा



पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मीडिया एशोसियेशन के मासिक समीक्षा बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में समाचार लेखन पर एहतियात बरतने के अलावा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया । रायपुर जिला क्षेत्रान्तर्गत तिल्दा-नेवरा के विश्राम गृह में छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन का मासिक समीक्षा बैठक आहूत किया गया था जहां पर विभिन्न निर्णय लिये गये वहीं आगामी विधानसभा चुनाव में समाचार लेखन को लेकर एहतियात बरतने की सलाह दी गई चुंकि कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता लागू हो जावेगा। राजनीतिक दल प्रचार प्रसार में कमी नहीं करेंगे लेकिन एक पत्रकार को समाचार लेखन को लेकर गंभीरता बरतनी होगी। इस विषय को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा किया गया वही पत्रकार हित को लेकर विभिन्न मुद्दो पर विचार विमर्श किया गया। उक्त समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, जिला सचिव चंद्रशेखर यदू, विधानसभा मिडिया प्रभारी अजय नेताम, विधानसभा सचिव पवन बघेल ब्लाक अध्यक्ष प्रेम कोशले ब्लाक उपाध्यक्ष अविनाश वाधवा, ब्लाक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, राजेन्द्र साहू,अमजद खान, संतोष यदू- मनीषा टंडन, दिलीप वर्मा, सिमगा प्रभारी थानेश्वर साहू, ओंकार साहू, शिवानंद निर्मलकर सहित अन्य पत्रकार शरीक हुए।

# गांधी विद्या मंदिर में मनाया गया गाँधी जयंती समारोह

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



शाला गांधी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्ली राजहरा में गाँधी जयंती के पावन पर्व पर, माँ सरस्वती, छतीसगढ़ महतारी और गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री की पूजा अर्चना कर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गाँधी जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता युवराज साहू अध्यक्ष शाला संचालन समिति व शाला की प्राचार्य मंजू गुप्ता ने की तथा कार्यक्रम का संचालन शीतल साहू और सार्वा मैडमजी किया। कार्यक्रम पर शाला संचालन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू ने अपने उद्बोधन में शाला के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं व छात्रों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों को, देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, सदगुणी और सदाचारी गाँधी और शास्त्री के जीवन संघर्षों एवं उपलब्धियों के विषय मे पुनः स्मरण कराया तथा आगे उन्होंने बताया कि गांधी द्वारा दिखाएं मार्ग, व सत्य और अहिंसा जैसे गुणों को आदर्श मानकर ही हमारी शाला का नाम गांधी विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय रखा गया है। एवं उनके आदर्शो का पालन करके ही आज हमारी शाला का नाम शहर के सबसे सफल विद्यालयों में शुमार है। इसलिए सभी मनुष्यों को भी उनके दिखाये मार्गों और आदर्शों का अनुशरण करना चाहिए, एवं राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ और स्वस्थ भारत के बारे में संदेश दिया। अध्यक्ष के उद्बोधन के पश्चात गाँधी जयंती के विशेष अवसर पर शाला में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस, रंगोली, मेहंदी और चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों का संचालन किया गया तथा प्रतियोगिता में प्रथम 3 स्थानों पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# भक्तिमय वातावरण में एकता परिसर प्रयोग आश्रम परिवार द्वारा किया गया सर्वधर्म प्रार्थना सभा

**प्रभात फेरी की आयोजन किया गया**

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



दो अक्टुबर दिन सोमवार को गांधी जयंती के उपल्क्षय में प्रयोग आश्रम सासाहोली तिल्दा मे सात जिला से आये ग्रामीण जो की सुबह छह बजे भम्रण जूलस के माध्यम से किया गया वही मुखियाओ,पच्चास वनाधिकार और प्रबंधन कार्यशाला के प्रशिक्षार्थियों ने राष्टपिता महात्मा गाँधी की जयंती के शुभ अवसर पर जय जगत पुकारे जा की गीत गाते नारा लगातें ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान, व ग्राम सासाहोली के मुख्य मुख्य मार्गों से होते हुये गांव की बस्ती में प्रभात फेरी की आयोजन किया गया तत्पश्चात 9 बजके 30 मिनट व दस बजे तक प्रयोग आश्रम स्वराज भवन में राष्टपिता मोहनदास करमचंद गांधी जी की शैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना करने के उपरांत उनके दिखाये हुये सत्य अहिंसा और न्याय की मार्ग पर चल विचारो को आत्मसाध्य करे भक्ति मय वातावरण में एकता परिसर/प्रयोग आश्रम परिवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा सम्पन्न हुआ ।

# नपा जशपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता रैली एवं सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के निर्देषानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक हुए विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया गया। आज 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सुबह 10 बजे नगरपालिका परिषद् जषपुरनगर से महाराजा चौक एवं बस स्टैण्ड़ तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली कार्यक्रम, वॉल पेन्टिंगस किया गया, साथ ही सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदीयों का सम्मान सामारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु सभी को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। इस दौरान नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक एक्का, उप अभियंता नवीन तिवारी एवं अषिमा विष्वास तथा नगरपालिका परिषद् जषपुरनगर के समस्त कर्मचारीगण एवं शहर के जन प्रतिनिधि पार्षद एवं डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाए उपस्थित रही।

# रेंजर रामलाल व्यवहार को सेवानिवृति पर दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com




वन परिक्षेत्र कार्यालय सरायपाली में उप वनमण्डलाधिकारी अनिल भास्करण की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी रामलाल व्यवहार के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें वन विभाग परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ द्वारा व्यवहार के सेवाकाल के दौरान किये गये योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यवहार ने कहा कि शासकीय कर्मचारियों अधिकारियों को सेवाकाल पूर्ण करने के बाद एक न एक दिन सेवानिवृत होना पड़ता है। इसे जीवन का यथार्थ मानकर स्वीकार करना ही पड़ता है। वे सरायपाली में 2021 से वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे। यहां तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने का अवसर मिला। यहां के कर्मचारियों एवं क्षेत्र के लोगों से जो प्रेम, स्नेह और सहयोग मिला उसे कभी नहीं भूलेंगे। उनके योगदान को चिरस्थाई बनाने के लिए छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ की ओर से स्मृति चिह्न के रूप में जैत खाम का प्रतिरुप भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर बसना वन परिक्षेत्राधिकारी एसआर निराला, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष पैंकरा, योगेश्वर कर, आरएल निर्मलकर, योगेश्वर निषाद, वीरेंद्र पाठक, अनिल प्रधान, सतीश पटेल, छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ सरायपाली ब्लाक अध्यक्ष दिनेश प्रधान, सचिव चंद्रशेखर सिदार, सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हेमसागर रत्नाकर ने एवं आभार व्यक्त योगेश्वर कर ने किया। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ ब्लाक अध्यक्ष दिनेश प्रधान ने दी।

# जशपुर माडल बनेगा,उरांव समाज के राष्ट्रीय संगठन का आधारः उमेश प्रधान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर माडल के आधार पर,उरांव समाज, राष्ट्रीय स्तर पर अपना संगठन तैयार करेगा। नईदिल्ली में आयोजित उरांव समाज के करमा महोत्सव में यह निर्णय लिया गया। उरांव समाज,छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश प्रधान ने बताया कि करमा महोत्सव में छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और अंडमान निकोबार से उरांव समाज के प्रतिनिधि जुटे थे। इस महोत्सव में उरांव समाज का राष्ट्र स्तरीय संगठन तैयार करने सहित समस्याओं पर व्यापक स्तर पर चर्चा हुई। उरांव समाज के संगठनिक ढांचे पर विचार के दौरान उमेश प्रधान ने जशपुर में उरांव समाज के संगठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें बताया कि जशपुर में उरांव समाज को संगठित करने का काम वर्ष 2019 में ही शुरू हो गया था। संगठन की बुनियाद,गांव में रखा गया था। ग्राम स्तर,ब्लाक स्तर और इसके बाद जिला स्तर का संगठन किया गया। इससे,सामाजिक संगठन में गांव से लेकर शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले सभी लोगों को समान रूप से,संगठन में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होनें बताया कि उरांव समाज का मुख्य लक्ष्य समाज की समस्या गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी को दूर करते हुए,उरांव समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ,पुरखों से चली आ रही संस्कृति,रूढ़ियों और परम्पराओं को संरक्षित करना भी है। विशेष कर,उरांव संस्कृति और परम्पराओं से युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए,जशपुर अंचल में गंभीरता पूर्वक काम किया जा रहा है। युवा पीढ़ी को जब तक संगठन से नहीं जोड़ा जाएगा,तब तक संगठन का भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा। संगठन के जशपुर माडल से देश भर के प्रतिनिधि मंडल प्रभावित हुए और इसी आधार पर,राज्य और राष्ट्र स्तर पर संगठन तैयार करने का निर्णय लिया गया।

**जाति आधारित होगा संगठन** – उमेश प्रधान ने बताया कि उरांव समाज का संगठन पूरी तरह से जाति आधारित होगा। इससे,संगठन में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा जाति आधारित सामाजिक संगठनों को दिये जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों का भी लाभ मिल सकेगा। जशपुर माडल की विशेषता ही यही है कि संगठन में शामिल होने के लिए उरांव जाति का होना ही पर्याप्त है।

# एनजी ओ दी फोक्स गुप्र के द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग दिया जा रहा है

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




तिल्दा नेवरा एन जी ओ दी फोक्स गुप्र द्वारा विकास मेटेलिक्स बरतोरी के सौजन्य से तिल्दा के आस पास के ग्रामों की महिलाओं और छात्राओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसकी शुरुवात ग्राम ताराशिव से की गई जो निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण का प्रथम बैच था जिसमे लगभग 30 महिलाओं और छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ । यह प्रशिक्षण माह जुलाई 2023 से प्रारंभ होकर सितंबर 2023 तक तीन माह तक दिया गया। 30 सितंबर 2023 को ताराशीव की बैच का समापन कर सभी को एन . जी . ओ . की तरफ से सर्टिफिकेट प्रदान किया गया ।

एन जी . ओ . द्वारा दिए जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण वर्तमान में ग्राम बरतोरी में दिया जा रहा है जो तीन माह पूरी तरह निःशुल्क चलेगी जिसमे लगभग 30 महिलाओं और छात्राओं द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है। एन . जी . ओ . द्वारा चंद्रयान 3 की सफलता के कारण ग्राम कोहका में स्थित ईजी कोचिंग के तत्वाधान में निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं सभी वर्ग के छात्रों को दी जा रही है जो की सितंबर से प्रारंभ है और अभी निरंतर चलेगी जिसमे लगभग 25 से 30 छात्र छात्राएं लाभान्वित हो रहे है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और हमारे दिव्यांगजनों ने अपने सामर्थ्य बढ़ाया विश्व पटल पर भारत का गौरव : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◂ पंडरिया
www.dailypioneer.com






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति भावना बोहरा द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को वार्ड नम्बर 7, पुराना बस स्टैंड के पास मंदिर प्रांगण, जोरा तालाब में स्वच्छता अभियान के तहत दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान क्षेत्रवासियों एवं भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया गया तथा दिव्यांगजनों को निशुल्क उपकरण वितरण कर सम्मानित किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंदिर की लिपाई-पोताई की गई तथा नाली जाम की समस्या को देखते हुए नाली निर्माण की गई ताकि मंदिर में जलभराव की स्थिति न रहे। इसके साथ ही आस-पास में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकल, श्रवण यंत्र, छड़ी व अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किया गया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की समस्तजनों को शुभकामनाएं देते हुए उद्बोधन की शुरुआत की और कहा कि प्रधानमंत्री जी के सेवाभाव एवं राष्ट्र प्रथम के उनके संकल्प से प्रेरित होकर हमने आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार राष्ट्र देश के हर व्यक्ति, वर्ग एवं समुदाय के हित और देश के विकास के लिए निरंतर कार्य किया है वह हम सभी के लिए एक आदर्श है। सही मायनों में एक आदर्श जनप्रतिनिधि कैसा होता है, उसकी परिभाषा व जिम्मेदारियों को उन्होंने अपने व्यक्तित्व से प्रदर्शित कर हम सभी का मार्गदर्शन किया है। आज सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हमने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सपनों का स्वच्छ भारत को साकार करने में अपनी भूमिका निभाते हुए सफाई अभियान चलाया। यह मोदी की दूरदर्शिता ही है जिन्होंने गांधी के इस सपने को साकार करने का बीड़ा उठाया और स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की जिसने एक जनांदोलन का रूप ले लिया। देश के हर बच्चे से लेकर महिला,पुरुष और बृद्धजनों ने इसमें बढ़चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और मोदी जी के इस अभियान को सार्थक बनाया, जिसमें हमने भी आज अपनी सहभागिता निभाई। भावना बोहरा ने कहा कि हमारे देश मे बहुत से ऐसे लोग हैं जो किसी हादसे का शिकार होते हैं और अपने शरीर का कोई हिस्सा गंवा देते हैं, कुछ लोगों में जन्म से ही यह समस्या होती है जिन्हें पहले हमारे देश मे कई नामों से पुकारा गया लेकिन प्रधानमंत्री जी ने उन्हें दिव्यांगजन नाम से संबोधित कर हमारे दिव्यांगजनों के प्रति जो अपनी भावना व्यक्त की और उनका सम्मान किया है वह वन्दनीय है। दिव्यांगजनों के प्रति उनका स्नेह, उन्हें प्रोत्साहन और समाज की मुख्यधारा से उन्हें जोड़ते हुए एक प्रमुख स्थान देने के लिए उनके द्वारा किये जा रहे सार्थक कार्यों से प्रेरणा लेकर ही हमने आज यह कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अपने ओर से एक छोटी सी भेंट प्रेषित करने का प्रयास किया है।

## बैगा गुनिया स्वयं सर्पदंश के मरीजों को पहुंचा रहे अस्पताल

**जशपुरनगर।** विकासखंड बगीचा के पहाड़ी क्षेत्र पंडरापाठ, सुलेषा से अधिकतर सर्पदंश के मरीज आ रहे हैं। सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति को जब सर्प काटने का पता चला, वैध के पास गए वैध के सलाह पर ही उसे अस्पताल पहुंचाया गया। डॉ अंकिता मिंज के देखरेख में मरीज का इलाज चल रहा है।

**Name Change**

I JHUMER LAL KANKARIA S/O LATE SUKHRAJMAL KANKARIYA, R/O MAKAN NO 202, MARAR PARA WARD LAXMI BAI WARD, KONDAGAON, CHHATTISGARH 494226, hereby change my name to JHUMER LAL KANKARIYA for all purposes from this day onwards and shall be known by all by the above mentioned changed name which is same as my AADHAR.

**JHUMER LAL KANKARIYA**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन मेहर पिता विपिन मेहर जाति..............निवासी ग्राम अमरकोट तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अमरकोट दिनांक 26/07/2017 को आवेदक के कुमोदनी की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 11/10/2023 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

## मणिपुर में अशांति दुःखद घटना

**मणिपुर** में दो छात्रों की दुःखद हत्या के कारण अशांति पैदा हो गई है। आमतौर से देश-दुनिया में मणिपुर को अपनी आकर्षक दृश्यावलियों व जीवन्त संस्कृति के लिए जाना जाता है। लेकिन दो मैतेई छात्रों की दुःखद हत्या के कारण यहां फिर अशांति फैल गई है। वर्तमान समय में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच इन हत्याओं ने स्थानीय जनता का गुस्सा भड़का दिया है और वह न्याय की मांग कर रही है। 20 वर्षीय फिजाम हेमजित तथा 17 वर्षीय हिजाम लिथोइनगैंबी की लाशें हाल में मिलीं, जबकि वे 6 जुलाई, 2023 से गायब थे। इनकी हत्या का आरोप कुकी उग्रवादियों पर है। इस संबंध में दो फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गए हैं जिनमें से एक में उनकी लाशें दिखाई गई हैं और दूसरे में उनको दो सशस्त्र उग्रवादियों के बीच डरा हुआ दिखाया गया है। इसकी प्रतिक्रिया में हजारों छात्र इम्फाल की सड़कों पर 26 सितंबर को उतरे। हेमजित और लिथोइनगैंबी के गायब होने व हत्या की घटना ऐसे समय हुई है जब राज्य काफी समय से व्यापक हिंसा का शिकार है। हिंसा के कारण सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून-अफस्पा का विस्तार मणिपुर में 6 महीने और कर दिया गया है। हालांकि, यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इस विस्तार में इम्फाल घाटी तथा असम सीमा से सटे केवल 19 थाना क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अफस्पा का विस्तार ऐतिहासिक रूप से मणिपुर में विवादास्पद मुद्दा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों के हत्यारों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी व उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महत्वपूर्ण रूप से केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई की एक टीम उसके विशेष निदेशक अजय भटनागर के नेतृत्व में इम्फाल भेजी गई है जो दो छात्रों के कथित अपहरण और हत्या की जांच करेगी। यह कदम मणिपुर सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद उठाया गया है ताकि पूरे मामले की गहन व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में इंटरनेट सेवायें स्थगित कर दी हैं तथा स्कूल व कालेज बंद रहेंगे।

इस दुःखद घटना पर अनेक राजनीतिक प्रतिक्रियायें आई हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री एन. बीरेन्द्र सिंह की सरकार को भंग करने की मांग करते हुए उसे 'अक्षम' बताया है। मणिपुर की हिंसा वास्तव में गंभीर समस्या है और पूरे देश को इसके समाधान की चिन्ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बीरेन्द्र सिंह केन्द्र सरकार के पूरे सहयोग से समस्या से निपटने के प्रयास कर रहे हैं और काफी सीमा तक सफल भी रहे हैं। ऐसे में केवल 'संकुचित राजनीतिक' दृष्टिकोण से उनकी सरकार भंग करने की मांग उचित नहीं है। मणिपुर की समस्या के गहन, तटस्थ व न्यायोचित विश्लेषण की जरूरत है। यह समस्या पहले की सरकारों की दशकों से जारी 'यथास्थितिवादी' व 'तुष्टीकरण' नीतियों का परिणाम है। इनके चलते जहां सीमापार से बड़े पैमाने पर घुसपैठ हुई और राज्य की जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास किया गया, वहीं नशे के व्यापारियों, हथियारों के स्मगलरों व संगठित अपराधियों में कुछ राजनेताओं की मिलीभगत से राज्य के प्राकृतिक संसाधनों व सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की होड़ लग गई। इससे राज्य के बहुसंख्यक समुदाय में गंभीर असुरक्षा की भावना पैदा हुई। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने तथा अपराधियों पर नियंत्रण के कठोर कदमों को अब कुछ तत्व 'मानवाधिकार उल्लंघन' के रूप में पेश कर रहे हैं। उम्मीद है कि राज्य व केन्द्र सरकार ऐसे 'निहित स्वार्थी' तत्वों पर लगाम लगाने में सफल होंगे तथा राज्य में जल्दी ही शांति व समृद्धि का माहौल बनेगा।

# तेजी से विलुप्त होते पवित्र उद्यान

### देश में 'पवित्र उद्यान' तेजी से गायब होते जा रहे हैं। इसका कारण परंपरागत विश्वासों में आ रही कमी है जिससे इनके संरक्षण में सहायता मिलती थी।



कुमार चेलप्पन
(लेखक, द पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



प्रख्यात कवि वायलार रामवर्मा ने अनेक रोमांटिक व क्रांतिकारी कविताओं की रचना की है। इनके शीर्षक 'पुझाकल', 'मलाकल', 'पूवनांगल', 'भूमिक्कू किट्टिया श्रीधनांगल', आदि हैं। इनका अर्थ नदियां, पहाड़, उद्यान तथा धरती माता द्वारा दिए उपहार है। 1969 की ब्लाकबस्टर फिल्म 'नाडी' एक कथा पर आधारित थी जो केरल की सबसे लंबी नदी पेरियार के तटों पर घटित होती है। वायलार ने इन गीतों की रचना बहुत पहले उस समय की थी जब पर्यावरणविद व परिस्थितिकीविद चर्चा का विषय नहीं बने थे।

लगभग 6 दशक बाद हम देख रहे हैं कि इस धरती ग्रह पर व खासकर भारतवर्ष में रहने वाले लोग धरती माता द्वारा दिए उपहारों को बहुत क्रूरता के साथ नष्ट कर रहे हैं। भारत में 1950 के दशक में वन क्षेत्र लगभग 40 प्रतिशत था, पर अब सदाबहार वन हमेशा के लिए नष्ट हो गए हैं। खासकर देश के वर्षा वन विकास के नाम पर नष्ट किए जा रहे हैं। दुःख की बात है कि वर्तमान नीतियों के कारण न विकास हो रहा है और न वन बच रहे हैं। अपने नेताओं के जन्म दिवस व अन्य अवसरों पर विभिन्न दलों के राजनेता सैकड़ों-हजारों पौधे लगाते हैं, पर टीवी कैमरों व पत्रकारों के उस स्थान से चले जाने के बाद ये पौधे फलने-फूलने के बजाय सूख कर कूड़ेदानों में चले जाते हैं। इन पौधों की देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं व नेताओं द्वारा अपनी पार्टी सुप्रीमो जयललिता के जन्मदिवस के अवसर पर हर साल लगाए गए पौधों की संख्या पर गौर किया जाए तो पूरा राज्य अब तक जंगल में बदल गया होता। लेकिन विडंबना है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

भारत की वन संपदा लगातार 'विकास' के नाम पर नष्ट होती जा रही है। ढांचागत विकास, शहरीकरण, औद्योगीकरण व वाणिज्यीकरण का शिकार आमतौर से पेड़-पौधे व वन होते हैं। केरल से संसद सदस्यों का एक समूह सबरीमाला तक रेलवे लाइन बिछाने के लिए आंदोलन कर रहा है। हरियाली व वनों से भरे पश्चिमी घाटों के एक पहाड़ पर यह पवित्र तीर्थस्थान स्थित है। इसे केवल नवंबर से जनवरी के बीच त्योहार के मौसम में ही जनता के लिए खोला जाता है। प्रस्तावित रेल लाइन के कारण सैकड़ों हेक्टर जंगल नष्ट हो जाएगा जिसे 'पवित्र उद्यान' के नाम से जाना जाता है। राजस्व खुफिया के पूर्व प्रमुख तथा देश में 'सुपर स्ल्यूथ' के नाम से लोकप्रिय बी.वी. कुमार ने पैदल पश्चिमी घाटों की यात्रा की थी। उनको यह देख कर बहुत आश्चर्य हुआ था कि अन्नामलाई पहाड़ों की चोटियों पर उच्च-गुणवत्ता वाली भांग उगाई जा रही है। उनका मानना है कि इस 'सामग्री' के कोच्ची तक परिवहन में सुविधा प्रदान करने के लिए ही रेलवे लाइन की मांग की जा रही है। वनों के विनाश के साथ ही वन संपदा के लुटेरे व उसका वाणिज्यिक लाभ उठाने के लिए प्रयासरत निहित स्वार्थी तत्व देश भर में स्थानीय समुदायों द्वारा लगाए तथा संरक्षित 'पवित्र उद्यानों' को भी नष्ट करने पर आमादा हैं।

'पवित्र उद्यान' देश की एक महत्वपूर्ण विरासत हैं और ये सूरत से सिल्चर तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न स्वरूपों में पाए जाते हैं। इन पवित्र उद्यानों या 'मिनी-जंगलों' का क्षेत्र 2 से 25 हेक्टर तक हो सकता है। ये उस क्षेत्र की प्राकृतिक जैव-विविधता का संरक्षण करते हैं। इन वनों में अन्य जीवों व वनस्पतियों के अलावा अनेक विरले औषधीय पौधे, झाड़ियां व पेड़ पाए जाते हैं। इनमें से कुछ 'पवित्र उद्यान' शहरों व कस्बों के किनारे स्थित हैं। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी इन पवित्र उद्यानों का सम्मान तथा उनकी पूजा करते हैं और किसी को भी वहां जाने नहीं देते हैं। स्थानीय समुदायों के अनेक बुजुर्ग लोग बच्चों को इन 'पवित्र उद्यानों' से जुड़ी कहानियां सुनाते हैं। लेकिन अब ये पवित्र उद्यान अनेक कारणों से बड़ी तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। इस बारे में अनेक पर्यावरणविदों व परिस्थितिकीविदों ने गंभीर चिन्ता जताई है।

इस संबंध में चेन्नै के 'सीपीआर इन्वायरमेंटल एजुकेशन सेंटर' ने गहन और विस्तृत अध्ययन किया है। डा. नन्दिता कृष्णा की अध्यक्षता में हुए इस अध्ययन से पता चला है कि 'पवित्र उद्यान' बहुत खतरनाक तेजी से नष्ट होते जा रहे हैं। विडंबना है कि इनको नष्ट करने में अनेक नागरिकों का ही हाथ है। ये पवित्र उद्यान स्थानीय देवी-देवताओं व पेड़ों की आत्माओं के प्रति स्थानीय जनता की श्रृद्धांजलि है। अनेक लोगों ने देवी-देवताओं की मिट्टी की मूर्तियां लगाई हैं और उनकी पूजा अपने संरक्षकों के रूप में की जाती है। भारतवर्ष में 'प्रकृति पूजा' की समृद्ध एवं प्राचीन परंपरा रही है जिसने प्रकृति के संरक्षण में अभूतपूर्व व असाधारण भूमिका निभाई है। इस संबंध में डा. नंदिता कृष्णा ने अपने शोध पत्र में लिखा है, 'पवित्र उद्यानों को मिले सम्मान का स्तर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में अलग-अलग है। कुछ वनों में सूखी पत्तियों तथा गिरे हुए फलों को भी नहीं छुआ जाता है। लोगों का विश्वास है कि किसी प्रकार की बाधा से स्थानीय देवी-देवता नाराज हो जाएंगे जिसके कारण बीमारियां या प्राकृतिक आपदायें आ सकती हैं अथवा फसलें खराब हो सकती हैं।

उदाहरणार्थ, पूर्वोत्तर भारत के गारो व खासी आदिवासी पवित्र उद्यानों में किसी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप को प्रतिबंधित करते हैं। अन्य स्थानों पर सूखी पत्तियां या सूखी लकड़ी उठाई जा सकती है, पर जीवित पेड़ या उसकी शाखायें कभी नहीं काटी जाती हैं। उदाहरण के लिए, मध्य भारत में रहने वाले गोंड पेड़ काटने पर प्रतिबंध लगाते हैं, पर पेड़ से गिरे हुए हिस्सों का उपयोग करते हैं।' सी.पी. रामास्वामी अय्यर की प्रपौत्री डा. कृष्णा अपने पैतृक निवास में रहती हैं जिसका नाम 'द ग्रोव' रखा गया है।

अक्सर उद्यानों के साथ ही तालाब, झरने या जलधारायें होती हैं। इनसे स्थानीय जनता की पानी की आवश्यकतायें पूरी होती हैं। पवित्र उद्यानों का वानस्पतिक आच्छादन जल स्रोतों को जीवन्त बनाए रखने में सहायक होता है। पवित्र उद्यानों का यह वानस्पतिक आच्छादन क्षेत्र में मृदा का स्थायित्व बनाए रखने के साथ ही मृदा क्षरण रोकता है। हालांकि, पूरे देश के 'पवित्र उद्यानों' के बारे में कोई समग्र व व्यापक अध्ययन नहीं हुआ है, पर विशेषज्ञों का अनुमान है कि पूरे भारत में पवित्र उद्यानों की संख्या 1,00,000 से 1,50,000 के बीच हो सकती है। देश भर के पवित्र उद्यानों को अनेक कारणों से गंभीर संकटों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, अध्ययनकर्ताओं का मानना है कि देश के एक भाग या एक वन क्षेत्र में पवित्र उद्यानों पर संकट की प्रकृति दूसरे क्षेत्र में पाए जाने वाले पवित्र उद्यानों पर खतरे से भिन्न हो सकती है। लेकिन सामान्य रूप से पाया गया है कि परंपरागत विश्वास व्यवस्था की कमी के कारण पवित्र उद्यानों पर संकट मंडरा रहा है। परंपरागत विश्वास देश के विभिन्न भागों में 'पवित्र उद्यानों' के संरक्षण में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन परंपरागत विश्वासों की अवधारणा पर ही पवित्र उद्यानों का अस्तित्व निर्भर करता है। लेकिन विडंबना है कि आज की भौतिकवादी दुनिया की अंधी दौड़ में इन व्यवस्थाओं व कर्मकांडों को 'अंधविश्वास' कहा जाता है।

देश में अधिकांश बड़े जंगलों के क्षेत्रफल में आई कमी का कारण इनमें लगातार बढ़ता मनुष्यों का हस्तक्षेप है। मजेदार बात है कि अनेक वन आज प्रकृति पूजा के आदिम स्वरूपों के 'संस्कृतिकरण' के कारण भी खतरों का सामना कर रहे हैं। 'संस्कृतिकरण' की इसी प्रक्रिया के कारण जनता का बड़ा हिस्सा 'प्रकृति पूजा' के बजाय मंदिरों में की जाने वाली पूजा की ओर आकर्षित हो रहा है। हालांकि, इससे हमारी जनसंख्या का बड़ा हिस्सा प्रकृति से दूर होता जा रहा है तथा इससे प्रकृति व खासकर 'पवित्र उद्यानों' का संरक्षण प्रभावित हो रहा है। वनों व पवित्र उद्यानों पर खतरे का एक बड़ा कारण 'यूपेटोरियम ओडोरेटम', 'लैंटाना कमारा' व 'प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा' जैसी जंगली प्रजातियां हैं। हमें पवित्र उद्यानों का संरक्षण करने के लिए वैज्ञानिक मिजाज व सेक्युलर पहचान छोड़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन हमें धरती की रक्षा के लिए प्रकृति के संरक्षक वनों व पेड़-पौधों की सुरक्षा भी जरूर करनी होगी।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी

"दुनिया भर में बढ़ती बेरोजगारी का विश्व अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकता है।"





सुनील गोयल
डिम्पल खोखर

आईएलओ ग्लोबल एम्प्लॉयमेंट ट्रेंड्स फॉर यूथ 2022: एशिया एंड द पैसिफिक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 15 से 24 वर्ष की आयु के युवाओं की बेरोजगारी दर 2022 में 14.9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि है। वैश्विक औसत के समान। जबकि यह दर पिछले वर्ष की दर (15.5 प्रतिशत) से कमी दर्शाती है, यह 2019 में महामारी-पूर्व बेंचमार्क 13.3 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।

क्षेत्रीय समुच्चय से परे, बेरोजगारी दर और अन्य श्रम बाजार संके तकों के विकास में उप-क्षेत्रों और देशों के बीच महत्वपूर्ण अंतर हैं। दक्षिणी और पूर्वी एशिया दोनों में, 2022 में युवा बेरोजगारी दर पूर्व-महामारी बेंचमार्क से 1 प्रतिशत अंक से कम होने का अनुमान है, जबकि दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में, इसी दर को 2 प्रतिशत अंक अधिक होने का अनुमान है। . श्रीलंका में, जो वर्तमान में भुगतान संतुलन और संप्रभु ऋण संकट का सामना कर रहा है, 2021 की दूसरी तिमाही में युवा बेरोजगारी 30.0 प्रतिशत थी, जबकि वियतनाम में, जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की विविधीकरण रणनीतियों से लाभान्वित हो रहा है क्योंकि कोविड-19 लॉकडाउन चीन कायम है, उसी तिमाही के लिए संबंधित दर 5.5 प्रतिशत थी।

क्षेत्र में युवा पुरुषों को युवा महिलाओं (12.7 प्रतिशत) की तुलना में काफी अधिक बेरोजगारी दर (16.0 प्रतिशत) का सामना करना पड़ता है। हालाँकि, जब श्रम के कम उपयोग के अधिक व्यापक माप की जांच की जाती है, यानी, युवा बेरोजगारी और संभावित श्रम बल (एलयू 3 दर कहा जाता है) की संयुक्त दर, पुरुषों और महिलाओं के बीच का अंतर कम हो जाता है, जो उच्च संभावित श्रम बल दर वाली युवा महिलाओं की ओर इशारा करता है। युवा पुरुषों की तुलना में। महामारी के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण (एनईईटी) में नहीं रहने वाले युवाओं का अनुपात भी बढ़ गया, जो 1.5 प्रतिशत अंक बढ़कर 2020 में 24.8 प्रतिशत तक पहुंच गया - जो वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत से अधिक है। जबकि युवा पुरुषों की तुलना में युवा महिलाओं के लिए एनईईटी दरें लगभग 2.5 गुना अधिक हैं, महामारी के प्रसार ने ने पुरुषों के बीच एनईईटी दर को युवा महिलाओं (0.7 प्रतिशत अंकों की वृद्धि) की तुलना में अधिक (2.1 प्रतिशत अंक)तक बढ़ाने का काम किया, जिससे लिंग में कमी आई एनईईटी दर में अंतर यह विकास दक्षिण एशिया के रुझानों से प्रेरित था, जहां युवा महिलाओं के लिए 0.9 प्रतिशत अंक की तुलना में पुरुष एनईईटी दर में 2.7 प्रतिशत अंक की वृद्धि दर्ज की गई है।

2022 की पहली छमाही में बिगड़ती आर्थिक स्थिति से क्षेत्र के युवाओं के बीच एनईईटी दर में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे रोजगार प्रक्षेप पथ और प्रभावित व्यक्तियों की आय पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। एनईईटी दरों में लिंग अंतर श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) और रोजगार-से-जनसंख्या अनुपात (ईपीआर) से निकटता से संबंधित है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में युवा महिलाओं को बहुत कम एलएफपीआर और ईपीआर का अनुभव होता है : वर्ष 2022 में संपूर्ण क्षेत्र में महिलाओं के लिए एलएफपीआर 26.3 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि युवा पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 46.6 प्रतिशत के लगभग है, जबकि क्षेत्र की युवा महिलाओं में यह 23.0 प्रतिशत है। 39.1 प्रतिशत युवाओं की तुलना में रोजगार में होने का अनुमान है। दक्षिणी एशिया क्षेत्र, 29.9 प्रतिशत अंक पर, क्षेत्र में सबसे अधिक एलएफपीआर लिंग अंतर है।

युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार रुझान 2022 में, आईएलओ ने समावेशी और टिकाऊ हरित, डिजिटल और देखभाल परिवर्तनों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत उपायों के आर्थिक और रोजगार प्रभावों को मापने के लिए एक मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडल का उपयोग किया। इमारतों और उपकरणों में ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने, नवीकरणीय ऊर्जा में बदलाव के माध्यम से विद्युत ऊर्जा उत्पादन को डीकार्बोनाइज़ करने और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और संबंधित बुनियादी ढांचे (जिसे कहा जाता है) का विस्तार करने के उद्देश्य से हरित नीति उपायों के एक पैके ज के रोजगार प्रभावों का अनुकरण करने वाला मैक्रो-इकोनोमेट्रिक मॉडलिंग हरित परिदृश्य), 2030 तक, सामान्य व्यवसाय परिदृश्य के सापेक्ष 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए दुनिया भर में अतिरिक्त शुद्ध 8.4 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकता है। जिसमें एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 5.8 मिलियन (या 69.0 प्रति) की हिस्सेदारी है। प्रतिशत) उन नौकरियों का। क्षेत्र में सार्वभौमिक (90 प्रतिशत) इंटरनेट ब्रॉडबैंड कवरेज (जिसे डिजिटल परिदृश्य कहा जाता है) प्रदान करने के उद्देश्य से नीतिगत उपायों से बेसलाइन के सापेक्ष 2030 तक युवाओं के लिए 2.1 मिलियन नौकरियों की शुद्ध वृद्धि होने का अनुमान है। वैश्विक कुल का तीसरा।

हरित परिदृश्य की तुलना में यह कम वैश्विक हिस्सेदारी इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम इंटरनेट कवरेज अंतर का प्रतिबिंब है। एसडीजी 3 (स्वास्थ्य पर) और एसडीजी 4 (शिक्षा पर) के प्रासंगिक लक्ष्यों को पूरा करने की दृष्टि से स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल प्रावधान और शिक्षा कवरेज में निवेश बढ़ाने के लिए निर्देशित नीतिगत उपायों से युवाओं के लिए 2030 तक एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लोग सामान्य व्यवसाय परिदृश्य की तुलना में अतिरिक्त शुद्ध 8.5 मिलियन नौकरियां पैदा होने की उम्मीद लगाई जा रही है। यह वैश्विक कुल का लगभग आधा प्रतिनिधित्व करता है, जो आवश्यक देखभाल सेवाओं के कवरेज में वृद्धि को उजागर करता है।

## आप की बात



आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### टूडो के तेवर

**भारत सरकार** के कड़े दृष्टिकोण तथा विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा वैश्विक मंचों पर खरी-खरी सुनाने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के तेवर ठंडे हो गए हैं। अतीत में दिखावे के तौर पर भारत कनाडा के संबंध भले ही सामान्य रहे हों मगर इतिहास गवाह कि खालिस्तानियों को पनाह देकर उसने संबंधों को हमेशा तनावग्रस्त बनाए रखा है। भारत ने इसको लेकर पहले भी कई बार सख्त रुख दिखाया, मगर पाकिस्तान की तरह कनाडा भी दोहरा चरित्र निभाता रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री टूडो ने भारत यात्रा के दौरान जितनी चिकनी चुपड़ी बात की थी एक निराधार बयान से उसकी सच्चाई सामने आ गई है। इसका बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों ने भी विरोध कर टूडो को आइना दिखाया जरूर है मगर भारत को कनाडा को कड़ा सबक सिखाना चाहिए ताकि वहां आतंकी गतिविधियों के साथ ही पून्नू जैसे आतंकियों का पालन-पोषण बंद हो। भारतीय एजेंसियों ने पंजाब में खालिस्तान-समर्थकों पर व्यापक कार्रवाई की है, लेकिन विडंबना है कि पंजाब में शासन कर रही आम आदमी पार्टी-आप इस मामले पर चुप है। खालिस्तानी-समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई पर सभी राजनीतिक दलों को सरकार का जोरदार समर्थन करना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, इन्दौर

### शून्य संवेदनशीलता

**उज्जैन** में नाबालिग लड़की के साथ रेप की दिल दहलाने वाली घटना और उसका सहायता के लिए घर-घर भटकना और हर घर से दुत्कार कर दिया जाना सिद्ध करता है कि अब हमारे भीतर अच्छाइयां मर चुकी है और किसी को भी दुखी देखकर हमारी संवेदनाएं जागृत नहीं होती है। आश्चर्य की बात तो है कि उन घरों की महिलाओं को भी उसे पर दया नहीं आई। यदि हमारी संवेदनशीलता इसी तरह शून्य होती रही तो हममें और रोबोट में कोई फर्क नहीं रह जाएगा। अगर कोई कुछ नहीं कर सकता था तो कम से कम 100 नंबर डायल करके पुलिस को तो बुला ही सकता था। अब तो सूचना देने वाले को पुलिस किसी भी तरह से परेशान नहीं कर सकती है, ऐसे कानून बन चुके हैं। मगर आज भी दुर्घटना में तड़पता हुआ आदमी अपने प्राणों के भीख मांगता है और लोग उसकी रील बनने लगते हैं। रेप की सजा मृत्यु दंड तक सख्त होने के बावजूद यदि अभी बलात्कार होते हैं तो अपराध व दंड के पूरे परिदृश्य की समीक्षा करना जरूरी हो गया है। कानून को हाथ में लेना ठीक नहीं है, लेकिन किसी को अपराध करते देख कर उसका विरोध व पीड़ित की सहायता करना समाज को सीखना पड़ेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### बच्चों पर दबाव

**कोटा** पूरे देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं के कोचिंग केन्द्र के रूप में तो विख्यात है ही, अब कोटा आत्महत्या के प्रेरणा स्थल के रूप में भी ख्याति प्राप्त कर रहा है। आईएएस, पीसीएस जैसी परीक्षाएं पहले भी होती थीं किन्तु आत्महत्या की एक भी घटना सुनने में नहीं आती थी न ही आज जैसे कोचिंग संस्थानों की बाढ़ थी। तीन-चार दशक पहले तक बड़े नगरों में भी कोचिंग संस्थान का नाम सुनने में नहीं आता था। उस समय छात्र स्वयं अपने भविष्य का मार्ग चुनता था और अपने परिश्रम से परीक्षा में सफल होने का प्रयास करता था। उसके ऊपर न तो अभिभावकों का दबाव रहता था और न ही किसी से स्पर्धा का भाव। लेकिन आज प्राप्तांकों के कीर्तिमान के लिए बच्चे पर नर्सरी से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया जाता है। 10 वीं में आते-आते माता पिता विषयों के चयन में बालक पर अपनी इच्छा थोपनी शुरू कर देते हैं। इसके परिणामस्वरूप बालक मानसिक रूप से पराधीन हो जाता है। बच्चों पर बढ़ता दबाव उनकी आत्महत्याओं का कारण है। इसे रोकने के लिए बच्चों को पुनः उनकी पसंद के अनुसार क्षेत्र चुनने का अवसर दिया जाना चाहिए।

**–नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

# अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 80 वर्ष से अधिक आयु बुजुर्गों मतदाताओं को किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एक अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर निर्वाचन आयोग ने अनोखी पहल कर की। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को सम्मानित किए जाने के दिशा-निर्देश दिये थे। ज़िले भर में 80 वर्ष से अधिक आयु के 4000 से अधिक मतदाताओं को सम्मानित किया जाना है। बेमेतरा ज़िले में 80 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 4000 मतदाता हैं।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68, साजा,69 बेमेतरा और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 नवागढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित उप संचालक समाज कल्याण को ऐसे वृद्ध मतदाताओं जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है। उन्हें सम्मानित किया जाए। कलेक्टर श्री एल्मा नए उक्त सभी अधिकारियों को पत्र लिख कर भारत निर्वाचन आयोग की प्रति सलग्न कर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा था।

ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को क्षेत्र के बीएलओ द्वारा तिलक लगाकर श्रीफ़ल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्हें और उनके परिवार के मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित किया गया। उन्हें मतदान की शपथ दिलायी गयी कि / हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## जिला मानस संघ का अध्यक्ष बने भागवत



**बेमेतरा।** जिला मानस संघ बेमेतरा की बैठक सिंघौरी में आयोजित किया गया इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के वरिष्ठ मानस पदाधिकारीयों की उपस्थिति में पूर्व में मनोनित जिला अध्यक्ष अनिल रजक की निष्कासन के पश्चात इस्तीफा स्वीकार किया गया एवम संघ की आगे गतिविधियो के क्रियान्वयन के लिए जिला के उपाध्यक्ष भागवत निर्मल कर जी को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनित किया गया बैठक में संघ की मजबूती एवम चले हम शक्ति केंद्र की ओर पर भी चर्चा हुवा एवम आगामी आने वाले दिनों में जिले के समस्त शक्ति केंद्रों में मानस संगोष्ठी आयोजन कर शक्ति केंद्र को मजबूती बनाने पर चर्चा हुवा। बैठक में मुख्य रूप से संघ के सचिव दिलेंद्र साहू, रिझन सेन, डा ओंकार चंद्राकर, छगन साहू, मदन सिन्हा, संतोष शर्मा, शिव साहू, देवराम साहू (पार्षद), मनहरण साहू, रमऊ चक्रधारी, चंदू साहू ,सुनील साहू, सतीश यद्दु, देवलाल सिन्हा, एम आर ध्रुव, नारायण निषाद, राजेश वैष्णव, बलदेव साहू, अशोक कुमार, नारद साहू, रोहित साहू, संतोष रजक, दुकालू राम, मनोज वर्मा, बल्लू साहू सहित बड़े संख्या में मानस पथिक उपस्थित थे।

# सात महीने बाद भी बीएसपी व बी.ई.एम.एल कंपनी कुम्भकर्णी नींद से नहीं जागी

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

6 माह बाद तो कुम्भकर्ण भी नींद से जाग जाता था। परंतु लगता है बीएसपी व बी.ई.एम.एल कंपनी ने कुम्भकर्ण को भी पीछे छोड़ दिया है। ज्ञात हो कि जन मुक्ति मोर्चा द्वारा ठेका श्रमिकों की प्रमोशन के मुद्दे व अन्य मांग को लेकर पिछले 7 माह से माइंस आफिस चौक पर हड़ताल व धरना प्रदर्शन जारी हैं। परंतु अभी तक शासन प्रशासन द्वारा इस विषय पर कोई उचित पहल नही की गई है। इससे जन मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं व मजदूरों के बीच भारी रोष व्याप्त है। शीघ्र ही जन मुक्ति मोर्चा के सदस्यों द्वारा सभी मजदूरों को साथ लेकर इस मामले में बड़ा आंदोलन कर सकती हैं। सूत्रों के हवाले से खबर यहाँ तक प्राप्त हुई है कि बीएसपी के रेल को रोककर व माइंस में जाने वाले रोड को चक्का जाम कर पूरे प्लांट का प्रोडक्शन प्रभावित कर सकते हैं। इससे करोड़ों का नुकसान बीएसपी को हो सकता है। वर्तमान सीजीएम गहरवार के मजदूर विरोधी नीतियों से बीएसपी को बड़ा नुकसान का अनुमान है। इन्ही सब मुद्दों को लेकर हमारे संवाददाता ने इस मामले में जन मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्यों का बयान लिया।



जन मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत रावटे ने बताया कि बीएसपी व बी.ई.एम.एल कंपनी के साथ तथाकथित दलाल यूनियनों द्वारा साठगांठ कर मजदूर भाइयों के प्रमोशन को रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दलाली के बदले मनेजमेंट द्वारा बोटी के रूप में इन्हें क्या क्या सुविधा व नगद दिया जाता है। यह किसी से छुपा नही है।



जन मुक्ति मोर्चा के सदस्य संजय सिंह ने कहा कि 18 सितंबर 2019 को एएलसी द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया है कि बी.ई.एम.एल कंपनी में कार्यरत समस्त ठेका श्रमिकों का वर्क क्लासिफिकेशन किया जाये। परंतु आज तक यह कार्य नही हुआ। तथाकथित कुछ दलाल यूनियन नेताओं द्वारा जान बूझकर मजदूरों के प्रमोशन को रोककर अपने आगे पीछे घुमाया जा रहा व प्रमोशन के नाम से रायपुर टूर कर मौजमस्ती कर रहे है। इस टूर के बदले मजदूरों से अवैध वसूली करते है। इससे इन लोगो की मानसिकता मजदूरों के सामने आ रही है।



जन मुक्ति मोर्च के ही सदस्य शिवाजी सिंह ने बताया कि पिछले सात माह से हमारे हड़ताल व धरना को मैनेजमेंट दलाल नेताओं के बहकावे में आकर हल्के में ले रहा वह भूल चुका है कि यह शंकर गुहा नियोगी की धरती है। यहाँ के मजदूरों के खूनो में क्रांति दौड़ती हैं। अभी हम महात्मा गांधी जी के रास्ते मे चल रहे हैं। मैनेजमेंट इसे हमारी कमजोरी समझने की भूल न करे। हमारे साथियों को भगत सिंह का रास्ता अपनाने में ज्यादा समय नही लगेगा।



जन मुक्ति मोर्चा के सदस्य लेखराम भंडारी ने कहा कि मजदूरों के जायज मांग को लेकर हम संघर्ष कर रहे हैं। जब तक हमारी मांग पूरी नही होगी तब तक हम लड़ते रहेंगे। यह मैनेजमेंट व दलाल नेताओं द्वारा कितना भी षड्यंत्र कर ले अंत मे जीत हम मजदूरों की ही होगी।

# किसान नेता योगेश तिवारी भाजपा की लेंगे सदस्यता, 7 अक्टूबर को रायपुर में समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है । इस संबंध में किसान नेता ने बताया कि एक अक्टूबर को राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में भाजपा के शीर्ष नेताओ की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होना था, लेकिन केंद्रीय नेताओं की व्यस्तता के कारण कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टालते हुए 7 अक्टूबर को रखा गया है ।

समारोह में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है । किसान नेता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी ने देश को विश्व सम्मान दिलाया और उन्होंने देश की जनता को जो वादा किया उसे पुरे ईमानदारी से निभाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है । आज गरीब, मजदूर व महिलाएं मोदी सरकार की योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं । जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन योजना, गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज, किसान सम्मन निधि योजना, हर घर जल पहचाने जल जीवन मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण स्तर पर लोगों का जीवन बेहतर हुआ है । इसलिए भारतीय जनता पार्टी की रीति व नीति से प्रभावित होकर शामिल होने का निर्णय लिया है ।

# गांधी शास्त्री जयंती पर कण्हेरा स्कूल में हुआ विविध कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंहेरा में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके साथ ही सर्व धर्म प्रार्थना भी किया गया इस संबंध में जानकारी के अनुसार स्काउट गाइड के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई इस अवसर पर प्रधान पाठक उजागर दास मनहरे, प्रवीण वर्मा प्रवीण वर्मा मोहन सिंह बंजारे टोप लाल गैंडे दिलेश्वर,उषा मानिकपुरी,अहिमन रश्मि बंजारे सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

इसके एक दिन पहले शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छता एवं श्रमदान किया गया था जिसमें एसएमसी सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे सबसे पहले स्वच्छता का कार्य स्कूल परिसर में किया गया तत्व प्राण गांव के कुछ वार्ड में भी जाकर स्वच्छता का कार्य किया गया।

# ग्राम पंचायत कुसुमघटा गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान: अश्वनी वर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com




गांधी जयंती पर ग्राम पंचायत कुसुमघटा में युवा स्वच्छता समिति एवं राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा स्वच्छता के प्रति गांधी जी के संदेश को लेकर एवम लोगों में स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम कुसुमघटा विभिन्न स्थानों, बाजार चौक, नाली, हैंडपंप, मंदिर, पंचायत भवन, राशन दुकान के पास को साफ सफाई किया गया। ग्राम पंचायत कुसुमघटा युवा उपसरपंच अश्वनी वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत कुसुमघटा में युवा साथियों द्वारा गांधी जी के स्वच्छता के प्रति संदेश को लेकर हर वर्ष साफ सफाई किया जाता है महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। गांधीजी के लिये 'स्वच्छता' एक बहुत ही महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा था। वर्ष 1895 में जब ब्रिटिश सरकार ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों और एशियाई व्यापारियों से उनके स्थानों को गंदा रखने के आधार पर भेदभाव किया था।

# प्रदेश सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनो को कर रही है सरकार: आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्री राम मंदिर बेमेतरा शहर से लेकर सिंघौरी, कंतेली, हथमुडी निनवा होते हुए कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली जिसका नेतृत्व बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया इस अवसर पर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता रैली में उपस्थिति रही रैली का समापन ग्राम निनवा में हुआ जहां विधायक आशीष छाबड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज महात्मा गांधी जी की जयंती है महात्मा गांधी के आदर्श उनके बताएं रास्ते आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितना कल हुआ करते थे आज चारों ओर आशंका तथा हिंसा का माहौल बना हुआ है ऐसे में महात्मा गांधी जी का विचार ही हमें सदमार्ग पर ले जा सकता है भाजपा जो गोडसे का समर्थन करने वाली पार्टी है और जिनके विचार ही समाज में अलगाव का रहता है आज देश में राज कर रही है भारत वर्ष में चहुं ओर आशंका का माहौल बना हुआ है आज समाज को एकजुट किया जाने की आवश्यकता है तथा महात्मा गांधी जी के रास्ते में चलकर कांग्रेस पूरे देश को एक सूत्र में पिरोएगी भाजपा का काम सिर्फ समाज धर्म और जाति के आधार पर बांटना ही रहा है जब भी भाजपा चुनाव में हारते हुए अपने को देखते हैं वहा लोगों को धर्म के आधार पर बांटने में लग जाती है जाति के आधार पर बांटने में लग जाती है संप्रदाय में वह वैमनष्य फैलाने का काम में लग जाती है जबकि मानव समाज को शांति और अहिंसा की सख्त आवश्यकता है छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे छत्तीसगढ़ में भरोसा यात्रा के माध्यम से प्रदेश के गांव गांव तक राज्य सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सीधा ग्राम वासियों से संपर्क स्थापित करने के लिए भरोसा यात्रा आयोजित की है जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच भरोसे को कायम रखना है भरोसा यात्रा के दौरान बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, प्रथम बनाफर प्रभारी, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा बेमेतरा, नवीन ताम्रकार, मनोज शर्मा,भारतपटेल,संदीप राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,मिथलेश वर्मा,चेतन बंजारे,सहदेव साहू, दिलहरन साहू, चंदू धीवर,कुशल नायक, रूबी सलूजा, रीना साहू, बलवंत साहू, सीताराम यदु, शैलेन्द्र साहू, नाथू सेन, कुलेश्वर साहू, रोहित, सेवक वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण सदस्यगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा बाजार चौक में स्थापित की गई

### नगर में श्रम दान कर जनप्रतिनिधियों ने दिये स्वच्छता का सन्देश

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर के हृदय स्थल बाजार चौक पानी टंकी के पास आज वार्ड क्रमांक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई । वर्षो से नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने में पार्षदगण मनहरण यादव, थनेश पटेल, महेश सोनकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगरपालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने तत्परता से मांग को पूरा कर नगर के वयोवृद्ध नागरिक जन युवा वर्ग सभी को यह ऐतिहासिक उपहार दिया। नगर के वयोवृद्ध नागरिक जन युवा वर्ग ने अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक प्रतिमा स्थापना में सहभागिता निभाई। पंडित के मंत्र द्वारा विधि विधान पूर्वक प्रतिमा की स्थापना की गई इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अधिकारी जितेंद्र कुशवाहा जी पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी मनहरण यादव, थनेश पटेल, महेश सोनकर, निलेश देवांगन सहित नगर के प्रतिष्ठित लोग इस अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने । ज्ञातव्य हो कि 01अक्टूबर को शहरी और आवास कार्य मंत्रालय निर्देशानुसार पर नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा क्षेत्र में श्रम दान किया गया । गांधी जयंती के एक दिन पूर्व समस्त 24 वार्डो के साथ साथ वार्ड क्र.4 लट्टी बाबा चौक, गायत्री मंदिर रोड, शमशान घाट, कृष्णकुंज, बड़े तरिया एवं शासकीय चिकित्सालय में फैले गंदगी को नगरपालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, जन प्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा श्रम दान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया । इस अवसर पर समस्त वार्डो में वार्डवासियों द्वारा श्रम दान किया गया एवं अपने अपने मोहल्ले व वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया ।

# माहेश्वरी समाज बेमेतरा के 10 प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महेश सेवा निधि ट्रस्ट के द्वारा हर वर्ष समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं जिसमे 10 वी में 95त्न से ऊपर, 12 वी में 90 त्न से ऊपर सीए,डॉक्टर इंजीनियर एवम अन्य छेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर सम्मान किया जाता है इसी तारतम्य में कल रायपुर में बेमेतरा के 10 छात्र छात्राओं को शिक्षा एवम अन्य छेत्रों में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूणेंदु जी सक्सेना रायपुर मुख्य अतिथि शरद जी सोनी नागपुर अध्यक्ष अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन, प्रबंध न्यासी बालकिशन झवर दुर्ग के करकमलों से सम्मान किया गया। जिसमें सीए बनने पर कु प्रियल चांडक सुपुत्री मिना ईस्वर चाण्डक, कु राठी सुपुत्री अंतिमा घनश्याम राठी, कु श्रेया राठी सुपुत्री छाया श्यामसुंदर राठी, शुभम बजाज सुपुत्र निर्मला श्यामसुंदर बजाज तथा बच्चों की डॉक्टर बनाने पर डॉ कु नेहा राठी सुपुत्री सिमा अशोक राठी तथा अखिल भारतीय स्तर में पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर कु स्मिता लाखोटिया सुपुत्री स्यामा श्याम लाखोटिया ,सबसे अधिक रक्तदान करने पर कु नीतू कोठारी सुपुत्री पुष्पा देवकिशन कोठरी, शोध वक्तव्य के छेत्र में सिंगापुर में आयोजित कार्यक्रम में स्थान पाने पर श्रीमति सृस्टि निखिल जी चाण्डक सुपुत्री मंजू अशोक भूतड़ा एवम योगकला के माध्यम से आँख में पट्टी बांधकर सभी चीजों को जानने पहचानने की कला में मेहुल चाण्डक सुपुत्र सुनीता मनीष चाण्डक, एवम 12 वी में 93? अंक प्राप्त करने पर सोहम राठी सुपुत्र प्रतिछा संजय राठी का सम्मान हुआ।

## पद्मिनी भोई साहू मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन छत्तीसगढ़ ने श्रमदान से साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण कार्य का किया शुभारंभ

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर वाटर एड इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और मुर्रा पंचायत ने साकार किया स्वच्छता ही सेवा का सपना

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत मुर्रा विकासखंड धमधा में, मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) छत्तीसगढ़, पद्मिनी भोई साहू की गरिमामयी उपस्थिति में स्वच्छ भारत दिवस स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण दुर्ग, ग्राम पंचायत मुर्रा और वाटर एड इंडिया दुर्ग के समन्वित प्रयास से आयोजित किया गया, कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहीयो को स्वच्छता सामग्री का वितरण, स्वच्छता दूत का सम्मान, गार्बेज रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ, मोटर साइकिल रैली, श्रमदान से साफसफाई एवं वृक्षारोपण एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में जितेंद्र साहू , अभिलाषा आनंद, रुपेश राठौर, पुरुषोत्तम पंडा, मधुरिमा मसीह राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन छत्तीसगढ़, सावित्री रात्रे जनपद अध्यक्ष धमधा, सौरभ कुमार जिला समन्वयक वॉटर एड, सुरेश कापसे, मनोज बनिक, हेमा देवांगन वॉटर एड, काव्या जैन उपसंचालक पंचायत, किरण कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा, नागेश चंद्रवंशी सरपंच मुर्रा, बिमला साहू सरपंच खपरी, गिरीश माथुर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण दुर्ग, राजेश तांडेकर, सलाहकार, रिपुसूदन उमरे विकासखंड समन्वयक आदि के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पद्मिनी भोई साहू मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वार वाटर एड इंडिया द्वारा राज्य एवम जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुर्रा सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत में ग्रे वाटर मैनेजमेंट, टॉयलेट रेट्रोफिटिंग एव स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष धमधा, जनपद सी ई ओ, राज्य स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान को निरंतर बनाए रखने के लिए ग्रामीण जनों को संबोधित किया। गांधी जयंती समारोह के इस कार्यक्रम में धमतरी के गीतकार यशवंत साहू के जल स्वच्छता एवम सफाई पर आधारित गीत का शुभारंभ किया गया, ग्राम पंचायत मुर्रा के आश्रित ग्राम सुरजीडीह के बच्चो द्वारा राज्य गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार गीत सहित जल संरक्षण से संबंधित नृत्य गीत की प्रस्तुति की गई।

# नगर पालिका क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 1 अक्टूबर 2023 को नगर के समस्त 21 वार्डो में 01 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाने की कडी में आज प्रातः शहर के हर क्षेत्रों में वृहद रूप से सामुहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरूवात नगर के गांधी मैदान से हुई राम मंदिर प्रांगण की सफाई करते हुए गांधी मैदान परिसर की सफाई की गई। परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मान. आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा, अध्यक्षता शकुन्तला मंगत साहू अध्यक्ष न.पा. बेमेतरा विशिष्ट अतिथि मनोज शर्मा सभापति न.पा. बेमेतरा, पार्षद जया साहू, रानी डेनिम सेन, आशीष राम ठाकुर, रेहाना वाहिद रवानी, एल्डरमेन जनता साहू, शंकर चौहान, ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी मंच पर उपस्थित रहे, अतिथियों के द्वारा स्वच्छता दीदीयों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सफाई कर्मचारियों, वृद्ध मतदाता एवं स्वयं सेवी समुहों का शॉल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियों नागरिकों के द्वारा भारत माता चौक में आस पास सफाई किया गया एवं जय स्तंभ चौंक तक रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता दीदीयों सफाई कर्मचारी एवं निकाय के अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफा सफाई में सहयोग प्रदान किया। स्वच्छता रैली को आगे बढाते हुए परशुराम चौंक, कलेक्टर निवास के आस पास एवं चौंक तथा परिसर की सफाई किया गया। स्वच्छता से जुडकर लोगों ने अपने अपने हिसाब से शहर में श्रमदान कर साफ-सफाई किया।

साफ सफाई के तहत् सडको, गलियों, सार्वजनिक स्थानों, मुक्तिधाम, उद्यान, तालाब स्कूल, मैदान, बस स्टैण्ड, आदि क्षेत्रों में झाडू लगाकर, झिल्ली पन्नी कचरा उठाया गया। स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाओं ने अपने अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान से जुड श्रमदान कर साफ-सफाई किये।

स्वच्छता अभियन 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा का प्रमुख उद्देश्य लोगों को स्वच्छता से जोडना है, मिशन 2.0 मतलब शहर को कचरा मुक्त करना है। अभियान में सभी वर्ग के लोग जुडकर शहर में श्रम दान कर साफ-सफाई किये।

स्वच्छता अभियान में नगर पालिका परिषद के जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी भुपेन्द्र उपाध्याय, रवि श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक, विनित सिंह राजस्व उप निरीक्षक, सौरभ सिंह लेखापाल, डॉ. एस सी साहू, होम्यो.चिकि., योगेन्द्र साहू, देवेन्द्र बनाफर, रवि देवांगन पीआईयु, विनय शर्मा एपीएम, राजेश पवार, राजकुमार बिसेन, प्रखर सोनी, गुनित साहू, ताराचंद मानदेव, तोपेन्द्र गौतम, रामु चौहान तुलेश्वर चौहान ईश्वर वर्मा, हरमन वर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वीआईपी कल्चर से दूर मोटरसाइकिल पर सवार महंत निकले भरोसे की यात्रा में

## जनता ने कहा फिर से हमें है आप पर भरोसा,उमड़ पड़ा जन सैलाब

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com





साल 2018 में कांग्रेस की टिकट पर डॉक्टर चरणदास महंत ने शक्ति क्षेत्र की जनता का जो विश्वास अर्जित किया, उस विश्वास को महंत ने 2023 के आते-आते भी लोगों पर बनाए रखा, उसका परिणाम 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस पार्टी द्वारा शक्ति विधानसभा क्षेत्र में निकाली गई भरोसे की यात्रा में देखने को मिला, जब यह यात्रा शक्ति विधानसभा क्षेत्र के नगरदा से प्रारंभ हुई तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर विधानसभा अध्यक्ष महंत सहित कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की, तथा विधायक महंत मोटरसाइकिल पर सवार होकर लोगों को स्वयं हाथ जोडते हुए निकल पड़ा, कांग्रेस भरोसे की यात्रा नगरदा से प्रारंभ होकर कुरदा, सेंदरी, पुटेकेला, तुर्रीधाम, दड़ाई चौक, बासीन, असौंदा, नवापारा, डोड़की, कंचनपुर, बोरदा, होते हुए शक्ति शहर में प्रवेश की, तथा शहर के सोसायटी चौक, गौरव पथ मार्ग, अग्रसेन चौक, बाराद्वार रोड होते हुए यह यात्रा कांग्रेस के जिला कांग्रेस कार्यालय में पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ एवं कांग्रेस के जिला कार्यालय का भी विधिवत्त फीता काटकर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने उद्घाटन किया, इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष महंत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे स्नेह, प्यार एवं सहयोग इस शक्ति क्षेत्र की जनता ने दिया है, निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी पूंजी है, तथा आने वाले विधानसभा के चुनाव में भी हम सबको मिलजुल कर एकजुट रहते हुए कांग्रेस पार्टी को रिकॉर्ड मतों से विजई बनाना है, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना है,इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे तथा पूरा परिसर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारों से गूंजायमान हो उठा, वही शक्ति विधानसभा क्षेत्र में 2 अक्टूबर को निकली कांग्रेस की भरोसे की यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा रही तथा आज तक किसी भी राजनीतिक पार्टी की इतनी लंबी और उत्साह से सरोबार यात्रा लोगों ने नहीं देखी तथा लगभग 3000 की संख्या में मोटरसाइकिल में युवा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथों में झंडा लिए कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे, तो वहीं सैकड़ो की संख्या में बड़े वाहन भी इस रैली में शामिल थे तथा रैली की खास बात यह रही की सभी ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर महिलाएं भारी संख्या में गुलाब का फूल लेकर तो कोई मालाये लेकर अपने जन नेता, लड़ने विधायक के स्वागत के लिए आतुर नजर आई तथा बुजुर्ग माताओ ने जहां महंत को आशीर्वाद दिया तो वहीं अनेकों स्थानों पर माताओ ने कहा कि आज तुमने जिस तरह से हम सब का विश्वास बनाए रखा है, आगे भी हम सभी तुम्हारे उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं,तथा नगरदा से प्रारंभ हुई इस यात्रा में जहां शक्ति विधानसभा क्षेत्र के चारों दिशाओं से लोग इकट्ठे हुए तथा लोगों में एक जुनून एवं उत्साह नजर आया,अपने जन नेता चरणदास महंत एवं कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष महंत भी 2 अक्टूबर को कांग्रेस की भरोसा यात्रा के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के उद्घाटन में शामिल हुए तथा वहां कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई उसके पश्चात महंत शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेमर में भी आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे एवं उन्होंने शक्ति शहर के भी विभिन्न स्थानों पर लोगों पर संपर्क मुलाकात की।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी अंग्रेजी माध्यम चांपा में स्वच्छता ही सेवा हैं अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चांपा के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य निखिल मसीह के मार्गदर्शन में शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 1 अक्टूबर को एक घंटा कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के हिंदी अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर सहित कक्षा एवं आसपास की जगह को सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति के सदस्य एवं नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जन भागीदारी समिति की उपाध्यक्ष अंजलि देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वच्छता ही सेवा पर बच्चों को संबोधित किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से विद्यालय एवं आसपास की जगह को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक होने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही हम एक स्वच्छ समाज का निर्माण भी कर सकते हैं। जन भागीदारी समिति के उपाध्यक्ष एवं पार्षद अंजलि देवांगन में इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझेगा तभी हम अपने नगर को स्वच्छ रख पाएंगे। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत को सफल बनाने के लिए हमें साफ सफाई को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाना होगा। स्वच्छता की सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य निखिल मसीह ने कहा कि स्वच्छता सेवा का पर्याय है। महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को हम अपने जीवन में अपनाकर साकार कर सकते हैं।विद्यालय परिसर एवं आसपास की जगह की सफाई पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमें अपनी शारीरिक स्वच्छता के साथ ही मानसिक स्वच्छता पर भी जोर देने की जरूरत है। स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम को संचालित करते हुए शिक्षक रवींद्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में साफ सफाई एवं स्वच्छता का बहुत महत्व है। छात्र-छात्राएं अपना अधिकांश समय विद्यालय में ही व्यतीत करते हैं इसलिए हमारे विद्यालय के सभी कक्षा, शौचालय एवं विद्यालय परिसर स्वच्छ होना चाहिए।

# एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप में प्रभात फेरी निकाल राष्ट्रपिता को दी गयी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनटीपीसी कोरबा द्वारा 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख बी.रामचंद्र राव ने 01 अक्टूबर को "स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा" के अवसर पर शपथ ली। इस दौरान 2 अक्टूबर को एनटीपीसी कोरबा ने एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप में प्रभात फेरी निकाल कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। प्रभात फेरी के लिए एनटीपीसी कोरबा ने एकजुट होकर एक घंटे तक सहयोग किया। उक्त प्रभात फेरी का नेतृत्व बी.आर. राव परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा ने किया। इस अवसर पर, मधु एस. महाप्रबंधक (ओ एंड एम), सोमनाथ भट्टाचार्य महाप्रबंधक (संचालन), मनीष वी. साठे महाप्रबंधक (ऐश डाइक), प्रभात राम, अपर महाप्रबंधक (एचआर), अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन/एसोसिएशन के सदस्य, एनटीपीसी कोरबा की टीम आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप के प्रगति क्लब में महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जो महत्व दिया, उससे जनता को स्वच्छता के लिए प्रेरणा मिली। हर कोई चाहता है कि उनके विचार आज की दुनिया में हर इंसान को एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने में सक्षम बनाएं और उनकी कालजयी शिक्षाएं हमारे मार्ग को रोशन करती रहें।

# परसदा खुर्द के हाईस्कूल में हुआ मेरी माटी- मेरा देश कायक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



शासकीय हाईस्कूल परसदाखुर्द में पालक बालक शिक्षक एवं मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे ।सभी पालक एवं पाल्य अपने अपने घरों से मिट्टी लेकर आये थे और अमृत कलश में रखते हुए अपने देश के प्रति प्रेम,उन शहादतों को नमन, प्रकृति को हरा भरा बनायें रखने के लिए वृक्षारोपण के साथ संकल्प मय शपथ लिया गया जो देश प्रेम की भावना को प्रेरित करती हैसाथ ही अपने पाल्य को नियमित विद्यालय आने, शाला के अनुशासन को बनाये रखने, गुणवत्ता युक्त शिक्षा, सतत इकाई मूल्यांकन के तहत प्रगति पत्रक की जांच करते हुये कहा कि हम सब मिलकर शाला के विकास के लिए ततपर हैं,उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे शाला के प्रभारी प्राचार्या सावित्ता चौधरी विषेश सहयोग प्रदान करते कमलादपी गवेल विज्ञान विषय पर प्रकाश डालते हुए विनिता राठौर जी अंग्रेजी को सरलता से सिखाते सुरेन्द्र कुमार साहू और दुलार साय कुर्रे, मानचित्र और प्रोजेक्टर के माध्यम से अध्यापन कराते राजेन्द्र कुमार बेहरा, हमारे प्रचीन भाषा संस्कृत को हिन्दी में सरलीकरण करने रूप सिंह राठीया प्रायोग शाला के माध्यम से सुरेन्द्र कुमार सिदार,सहायक ग्रेड 2 शकुन्तला पटेल,सहायक ग्रेड3 हेमंत राज और विद्यालय संचालन में विषेश सहयोग देने वाली कुमारी मंजू चौहान तथा पालक बालक की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ मंच संचालन लक्ष्मीनारायण क्षत्री के द्वारा किया गया।

# 5 किलो 300 ग्राम गांजा एवं बिक्री आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



5 किलो 300 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 8,640/रु. के साथ आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार।एक अक्टूबर को अकलतरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला की बृजमोहन केशकर द्वारा अपने कब्जे में मादक पदार्थ गांजा रखा है, की सूचना पर रेड कार्यवाही किया, पाया गया की आरोपी द्वारा अपने घर में एक नीले रंग का बैग रखा मिला जिसमें गांजा जैसा पदार्थ भरा रखा मिला जिसे पूछने पर आरोपी द्वारा मादक पदार्थ गांजा होना तथा बैग को खोलकर देखने पर नगदी रकम 8,640/ रू एवम 05 किलो 300 ग्राम गांजा होना पाया गया आरोपी के कब्जे से बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 20 (B) NDPS.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी बृजमोहन केसकर उम्र 43 वर्ष साकिन पचरी थाना अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 02.10.23 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

कार्यवाही मे निरीक्षक तुलसिंह पटटवी, उप निरीक्षक लालन पटेल, सउनि अरूण कुमार सिंह, महिला प्रधान आरक्षक अनीता पाटले, आरक्षक प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र धृतलहरे एवं साइबर टीम जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

# समाजसेवी संस्था लायंस क्लब का सेवा सप्ताह 2 से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सोमवार 2 अक्टूबर से रविवार 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पूरे सप्ताह भर क्लब द्वारा विविध सेवाभावी कार्य संपादित किए जायेंगे। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि क्लब की सामान्य सभा में लिए गये निर्णयानुसार गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत सेवा सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार 2 अक्टूबर को लायंस भवन चांपा में महात्मा गांधी के तैल चित्र पर सुबह 10 बजे माल्यार्पण कर बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय परिसर की सभी लायन सदस्यों द्वारा साफ-सफाई की जायेगी। सेवा सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार 3 अक्टूबर को सायं 7 बजे से डोंगाघाट स्थित बजरंग बली मंदिर में प्रसाद वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के तीसरे दिन बुधवार 4 अक्टूबर को लायंस स्कूल चांपा में सुबह 11 बजे से बच्चों में कैंसर जागरूकता के लिए पाम्पलेट का वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के चैथे दिन गुरूवार 5 अक्टूबर को बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सालय में सुबह 11 बजे से भर्ती मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। सेवा सप्ताह के पांचवें दिन शुक्रवार 6 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से ड्राइंग स्पर्धा का आयोजन किया गया है। सेवा सप्ताह के छठवें दिन शनिवार 7 अक्टूबर को लायंस स्कूल में सुबह 11 बजे से विद्यार्थियो के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। सेवा सप्ताह के सातवें और अंतिम दिन रविवार 8 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे से ग्राम पीथमपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा निःशुल्क दवा वितरण तथा इस दिन रात्रि 8 बजे से लायंस भवन में सेवा सप्ताह के विषय में संगोष्ठी और क्लब की मीटिंग का आयोजन किया गया है। सेवा सप्ताह के अंतर्गत किये जाने वाले सभी आयोजनों में क्लब के सदस्यों से अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# सत्तीगुड़ी चौक मारपीट मामला, तीन गिरफ्तार, आरोपियों में एक नाबालिक भी

■ कोतवाली पुलिस ने अपहरण, हत्या के प्रयास व बलवा जैसे संगीन धाराओं में आरोपियों को भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सत्तीगुड़ी चौक पर कुछ युवकों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट का फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। घटना को लेकर दूसरे दिन प्रार्थी आहत अजय दास मानिकपुरी पिता जगत दास उम्र 23 साल निवासी कोतरारोड कल्लू पान ठेला के पास थाना कोतवाली रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की 29 सितंबर के शाम अपने मोहल्ले का गणेश विसर्जन करने विजयपुर जा रहा था जो गांधी पुतला के पास से अकेले पैदल लौटकर वापस घर आने लगा, रात्रि करीब 9:30 बजे सत्तीगुडी चौक के पास रुककर अजय अपने भाई विनोद महंत को लेने सत्तीगुडी चौक बुलाया , उसी समय सत्तीगुडी चौक पर वास्तव ठाकुर, सागर विश्वकर्मा और उसके साथियों के साथ वहां पहुंचे। वास्तव ठाकुर ने अजय दास को उसके मोटर सायकल में बैठकर साथ चलने बोला। अजय के मना करने पर सभी एक राय होकर अजय को गाली गलौज करते मारपीट कर मोटर सायकल में जबरन बिठाकर अष्टभुजी मंदिर के पास बने क्लब में ले जाकर बिज्जू ठाकुर के साथ हत्या करने की नियत से हाथ मुक्का डंडा राड से मारपीट कर चोंट पहुंचाये। आहत के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध अपहरण, हत्या का प्रयास, बलवा की सुसंगत धाराओं में अपाध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी किया गया। आरोपी गिरफ्तारी के डर से फरार थे जिनकी लगातार कोतवाली पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी जिनमें तीन आरोपियों को खरसिया क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा छापेमारी कर तीन आरोपी वास्तव सिंह ठाकुर, सागर विश्वकर्मा और उसके साथी अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। आरोपी वास्तव सिंह ठाकुर बताया कि इनके ऊपर अजय मानिकपुरी के द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये केस में 30 सितंबर को पेशी नियत थी। आरोपियों द्वारा अजय को बयान बदलने का दबाव बनाने के लिये मारपीट किये। कोतवाली पुलिस ने आरोपी वास्तव सिंह ठाकुर पिता छबि सिंह ठाकुर 23 साल निवासी कोतरारोड राजीव नगर गली नंबर 1 दुर्गा मंदिर के पास रायगढ़ थाना कोतवाली, सागर विश्वकर्मा उर्फबाबा पिता सुंदरलाल विश्वकर्मा उम्र 30 साल निवासी कोतरारोड राजीव नगर गली नंबर 1, विधि के साथ संघर्षरत बालक को सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया जहां से आरोपियों को जेल वारंट एवं नाबालिक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

# ज्योतिर्मय सम्मान 2023 से नवाजे गए मिलेंद्र केशरवानी

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में पदस्थ व्याख्याता मिलेंद्र कुमार केशरवानी नवाचारी शिक्षक के नाम से मशहूर अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिला में प्रसिद्ध है। नई दुनिया परिवार के द्वारा 30 सितंबर दिन शनिवार को मयंक होटल जांजगीर में नईदुनिया ज्योतिर्मय सम्मान 2023 का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने वाले उत्कृष्ट शिक्षक, प्राध्यापक, स्कूल और कॉलेज के संचालकों का सम्मान किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में पदस्थ व्याख्याता मिलेंद्र कुमार केशरवानी जी को पूरे जैजैपुर ब्लॉक ही नहीं बल्कि नवीन जिला सक्ति के इकलौते नवाचारी शिक्षक के रूप में शनिवार 30 सितंबर को मयंक होटल जांजगीर में नई दुनिया ज्योतिर्मय सम्मान 2023 से शाल श्रीफल और प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर मिलेंद्र कुमार केशरवानी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए व्याख्याता मिलेंद्र केशरवानी सर ने नई दुनिया परिवार और ब्यूरो चीफ कोमल शुक्ला , संपादक डॉ सुनील गुप्ता और दिनेश शर्मा, इंजीनियर रवि पांडेय, ज्योति किशन कश्यप ,प्रिंस कुमार शर्मा और अन्य अतिथियों का आभार जताया। मिलेंद्र कुमार केशरवानी को यह सम्मान मिलने से विद्यालय के शिक्षकों में हर्ष है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किकिरदा की प्रभारी प्राचार्य प्रकाशचंद रात्रे ने व्याख्याता मिलेंद्र कुमार केशरवानी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

## मृतक के परिजन सहित भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे जूटमिल थाने, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# लापता युवक की खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खेत में लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का सच जानने पुलिस ने पोस्टमार्टम कराई गई है। शहर के जूटमिल थानांतर्गत जब ग्राम आमापाली के धान के खेत में एक युवक की संदिग्ध हालत मे लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है। पानी भरे खेत में पड़े शव को देखने भीड़ लगने पर कोटवार ने इसकी सूचना थाने में दी। लाश मिलने की भनक लगते ही हरकत में आई पुलिस ने पर जाकर निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की तो मृतक की पहचान ग्राम आमापाली में रहने वाले संतोष प्रजापति आत्मज कामता प्रसाद 23 वर्ष के तौर पर हुई। वर्दीधारियों ने प्रजापति परिवार को बुलाकर बीते बुधवार से घरवालों को बिना बताए ऐसे निकला कि खोजबीन के बाद भी उसके नहीं मिलने पर परिजनों ने जूटमिल थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज कराया। दो रोज से लापता युवक की लाश आखिर खेत में कैसे मिली इसे लेकर संदेह जताया जा रहा है। उसने खुदकुशी की या मामला किसी अनहोनी से जुड़ा है, इसके खुलासे के लिए जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराने वाली जूटमिल पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल में जुट गई है इस बीच मृतक के परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण, सरपंच, कोटवार सहित दो दर्जन से अधिक महिला पुरुष मृतक युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने जुटमिल थाने पहुंचे। मृतक के पीड़ित मां ने अपनी लिखित शिकायत में उल्लेख किया है कि उसके पुत्र संतोष का गाँव के ही एक लड़की से कुछ वर्षो से प्रेम संबंध चल रहा था जिसे अधिकांश ग्रामीण भली भांति जानते है। उसका पुत्र परिजनों की गैर जानकारी में उक्त लड़की को समय समय पर रुपयों का भी डिमाण्ड पूरा करता आ रहा था जिसकी जानकारी कुछ ग्रामीणों से मिली जिससे परिवार द्वारा मेरे पुत्र को समझाया गया था और पुत्र का इस बीच अन्य सामाजिक लड़की से विवाह तय हो गया था। जिसकी जानकारी उक्त लड़की को होने पर मेरे पुत्र संतोष के ऊपर दवाब बनाने के लिये झुटी एफआईआर दर्ज कराने व एफआईआर से बचने के एवज में मोटी रकम की मांग कर धमकी दी गयी जिस पर बार-बार लड़की व लड़की के परिजनों द्वारा गाली-गलौच व घर घुस कर मारपीट भी किया गया। मृतक की मां ने इस मामले में संबंधित युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की है।

सामाजिक कार्यों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाने वाले देवेंद्र कुमार चक्रधारी को जब मामले की जानकारी हुई तो अपने स्वजाति समाज बंधुओ के साथ पीड़ित परिजनों के साथ घंटो तक थाने में न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए डटे रहे। जिसमें के पीड़ित परिजन भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष सहित अमापली के सरपंच,कोटवार की भी थाने में मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत व सांसद ज्योत्सना महंत ने किया पौधरोपण

## कटघोरा वनमण्डल में लगाए 30 फलदार व छायादार पौधे

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज का विकास कर रही है। मात्र एक वर्ष में ही इन कृष्ण कुंजो ने हरे-भरे वृक्षों के रूप में अपना आकार लेना शुरू कर दिया है। योजना के तहत प्रदेश में अब-तक 169 नगरीय निकायों में लगभग 224 एकड़ रकबा में 55 हजार 781 पौधों का रोपण किया गया हैं। इसी तारतम्य में कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा राजस्व कालोनी के पीछे बने डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव लखनपाल, हरीश परसाई की उपस्थिति में डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्वसामज मांगलिक भवन के प्रांगण में कटघोरा वनमण्डल द्वारा कृष्णकुंज का निर्माण किया गया है जहां सभी अतिथियों ने पौधों का रोपण किया। कटघोरा रेंज के रेंजर अशोक मन्नेवार ने बताया कि प्रांगण को हरा-भरा रखने व छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण योजना कृष्णकुंज के तहत यहां 30 औषधीय, फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित कृष्ण कुंज में स्वयं वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज की महत्वाकांक्षी योजना की पूरे प्रदेश में शुरूआत की थी।

# रेलवे के अवैध लोहे से भरा ट्रक जब्ती के मामले में पुलिस ने लगाया मामूली धारा

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

## प्रधान आरक्षक पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं





शनिवार को नगर के युवाओं ने तिलसिंवा पेट्रोल पंप के पास अवैध रूप से यूपी के ट्रक में भरा रेलवे के लोहे और ज्वाइंटर को कोतवाली के सुपुर्द कर दिया गया था, आज उसी मामले में हल्का फुल्का कार्रवाई और महज खानापूर्ति का काम किया गया है, कोतवाली पुलिस ने केवल 102 के तहत मामला दर्ज किया है, बताया जाता है कि इस गंभीर मामले में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक का नाम मोबाइल में आने से कल से ही लीपापोती में पुलिस जुट गई है, वहीं एएसपी सोभराज अग्रवाल ने बताया कि अभी छानबीन चल रही है, जांच के बाद प्रधान आरक्षक का नाम रेलवे के अवैध लोहे और ज्वाइंटर ले जाने वाले के मोबाइल में कैसे आया,यह पुर्ण रुप से जांच का विषय है, अभी जांच जारी है।

**पहले भी कई बार आ चुका है नाम**–आप को बता दें कि इन प्रधान आरक्षक का नाम पिछले कई मामलों में आ चुका है,एक बार तो इनका ट्रांसफर बिहारपुर भी हो गया था, किंतु केवल एक हफ्ते में ही ये अपना जेक लगाकर फिर पुनः सूरजपुर कोतवाली में आ गए, देखा जाए तो इनको सूरजपुर कोतवाली में आऐ आज कितने वर्ष हो गए, कितने प्रधान आरक्षक ऐसे भी हैं जो आज तक मुख्यालय का मुंह नहीं देख पाऐ है, और ये जनाब अपनी उंची पहुंच के दम पर आज भी सूरजपुर कोतवाली में डटे हुए हैं। इतना कुछ हो जाने पर भी केवल उच्च अधिकारियों द्वारा केवल जांच की बात कही जा रही है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन साहब को उपर से ही संरक्षण प्राप्त है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे नगर में कानून नाम कि कोई चीज ही नहीं है।

> तो वहीं मौजूदा विधायक खेलसाय सिंह से नगर के कानून व्यवस्था के बारे में पुछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी मैं कुछ नहीं बोल सकता अभी मैं रैली में व्यस्त हुं।

> सूरजपुर कोतवाली की स्थिति बद से बद्तर है, जमीन के दलाल गरीबों का हक मार रहे हैं, नशीली दवाओं की खरीद बिक्री जारी है,बेटीओं को जलाया जा रहा है कानून व्यवस्था बिगड़ा हुआ है, सुनने वाला कोई नहीं है।
> **-बाबू लाल अग्रवाल**
> **भाजपा जिलाध्यक्ष**
> **सूरजपुर**



## बाजीलाल सिंह बने डीएसपी पत्नी ने कंधे पर लगाया स्टार,सेरेमनी

**बलरामपुर।** पुलिस हेडक्वार्टर द्वारा जारी पदोन्नति आदेश के बाद जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने अपने सभाकक्ष में बसंतपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक बाजीलाल सिंह को स्टार सेरेमनी लगाकर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया जबकि पदोन्नत हुए डीएसपी की पत्नी गायत्री सिंह ने स्टार लगाकर उन्हें पदोन्नति दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.सिंह ने पदोन्नत बाजीलाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनके कंधों पर जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई है जिसका उन्हें ईमानदारी पूर्वक पालन करना पड़ेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कप्तान चन्द्रेश सिंह ठाकुर, अभिषेक झा, नारद सूर्यवंशी, रितेश चौधरी और डीएसपी बाजीलाल के पारिवारिक सदस्यों के अलावे अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने अपने प्रधान कार्यालय और देश भर की सभी परियोजनाओं में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधान कार्यालय में गांधी जयंती समारोह का प्रारम्भ बी साहू, अधिशासी निदेशक (उत्पादन समन्वय एवं सुरक्षा), एम जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना एवं आरईडी), ए एस पार्थसारथी, अधिशासी निदेशक/ कंपनी सचिव और सत्येंद्र राय, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.तथा डीटी) द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन और के साथ हुआ। राष्ट्रीय खनन कंपनी ने महात्मा गांधी के सम्मान में 15 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक बडे स्तर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। इस दो सप्ताह के कार्यक्रम के दौरान, पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न इंटरैक्टिव कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया। सफाई मित्रों को सम्मानित करने और स्वच्छता ही सेवा प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई देने के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर बी साहू, अधिशासी निदेशक (उत्पादन समन्वय एवं सुरक्षा) ने कहा इस गांधी जयंती पर, आइए हम महात्मा गांधी के कालजयी ज्ञान का स्मरण करें और एक अधिक संवेदनशील और समावेशी समाज विकसित करने और एक स्वच्छ, हरित और अधिक शांतिपूर्ण विश्व की दिशा में काम करें। सभा को संबोधित करते हुए, सत्येंद्र राय, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा. एवं डीटी) ने कहा कि यह दिन भारत के साथ-साथ सम्पूर्ण विश्व में बहुत महत्व रखता है, क्योंकि यह गांधी के सिद्धांतों की याद दिलाता है। गांधी जयंती पर, हम सब महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सत्य, अहिंसा और स्वराज के मूल सिद्धांतों से प्रेरणा ग्रहण करें। प्रधान कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी के साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दो महीने में तीसरे दिवंगत शिक्षक परिवार का सहारा बना संयुक्त संवेदना योजना

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

## दी गई एक लाख रुपये की संवेदना राशि



सूरजपुर जिले में संचालित संयुक्त संवेदना योजना लगातार दिवंगत शिक्षक के परिवार को संबल प्रदान कर रहा है।विगत दो महीने के भीतर तीन शिक्षक साथी दिवंगत हो गए,जिनके परिजनों को एक-एक लाख रुपये की संवेदना राशि समिति द्वारा दी जा चुकी है। गौरतलब है कि अगस्त माह में हमारे शिक्षक साथी जागर साय पुहुप,सितंबर माह में रीता साहू व रामसाय पैकरा का आकस्मिक का निधन हो गया। पिछले माह ही दो दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को एक- एक लाख रुपये की संवेदना राशि दी जा चुकी है,उसी तारतम्य में आज मा.शा.सिरसी में पदस्थ शिक्षक रामसाय पैकरा जी के दिवंगत होने पर उनकी धर्मपत्नी सुखमनिया पैकरा जी को संयुक्त संवेदना समिति द्वारा उनके निवास स्थान दवनसरा (दर्रीघाट) जाकर एक लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति संचालक ने बताया कि ये योजना विगत तीन वर्षो से संचालित है जिसमे पहले वर्ष 890, दूसरे वर्ष 991 व वर्तमान वर्ष में 1275 सदस्य है। योजना के नियमानुसार सदस्यों के दिवंगत होने पर उनके परिजनों को एक लाख रुपये की संवेदना राशि प्रदान की जाती है। अभी तक 11 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिजनों को 11 लाख रुपये की संवेदना राशि दी जा चुकी है। संवेदना राशि सौपने के दौरान राकेश शुक्ला, राधेश्याम साहू, मनोज कुशवाहा, सुरेंद्र दुबे, मो.महमूद, कृष्णा सोनी, मनोहर लाल गुप्ता, अजय राजवाड़े, संधारी देवांगन, कुलदीप सिंह, राज कुमार कुशवाहा, महेश पैकरा,भैया लाल सिंह, राजेश प्रसाद दुबे, बजरंग लाल गुप्ता, रामचरण सिंह, राम नंदन पैकरा, विजय पैकरा, विजय गुप्ता, रविकांत पैकरा, संतोष गुप्ता, संतोष यादव, मंजू लाल, आरती लाल, रामरतन पैकरा,राम नारायण पैकरा, सुरित लाल पैकरा इत्यादि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# फसल सिंचाई हेतु लगे टूल्लू पम्प चोरी मामले में थाना जयनगर पुलिस ने 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



नयनपुर निवासी सीताराम ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम नयनपुर में नाला के पास स्थित खेत में धान फसल की सिंचाई के लिए टूल्लू पम्प लगाया था जिसे 30 सितम्बर के रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध कर थाना जयनगर पुलिस ने मामले की विवेचना प्रारंभ किया, पतासाजी के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही नंदलाल व फुलुर राजवाड़े को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने टूल्लू पम्प चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 2 एचपी का टूल्लू पम्प कीमत 15000 रूपये का जप्त कर आरोपी नंदू उर्फ नंदलाल राजवाड़े पिता प्रेमसाय उम्र 40 वर्ष व फुलुर उर्फ खुलुर साय राजवाड़े पिता सुखदेव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम नयनपुर, थाना जयनगर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई रघुवंश सिंह, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, सोनू सिंह, विवेक विश्वकर्मा व दिलपाल कसेरा सक्रिय रहे।

# शेख राशिद प्रदेश सचिव बनाए गए रायगढ़ शहर का प्रभार भी मिला

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव मलकीत सिंह गेदू की अनुसंशा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सद्दाम सोलंकी ने शेख राशिद (जानू) शंकर चौक नयापारा रायपुर को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। साथ ही उन्हे रायगढ़ शहर का प्रभार भी दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर शेख राशिद ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे साथ ही पार्टी के सिद्धांतों एवम नीतियों पर चलते हुए जनसमस्या निवारण के लिए कार्य करते रहेंगे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मजदूर किसान और बेरोजगारों के लिए चलाए जा रहे योजना को जन जन तक पहुंचाएंगे।

# वृद्धाश्रम के आस पास सफाई कर शहरवासियों में सफाई के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया



**मनेन्द्रगढ़।** गाँधी जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के संदेश को वास्तविक अली जामा पहनाने का कार्य मनेंद्रगढ़ के दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल परिवार ने उत्साह पूर्ण वातावरण में किया। एक दिवस, एक घंटा, एक साथ के राष्ट्रीय संदेश को धरातल पर लाते हुए सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पूर्व न्यायाधीश व विद्यालय के निदेशक वेंकटेश सिंह तथा प्राचार्य डॉ. बसन्त कुमार तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर इस पुनीत अभियान को प्रारंभ किया गया। विद्यालय के कक्षा 8वीं से 11वीं तक के छात्र- छात्राओं के साथ- साथ विद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा निदेशक एवं प्राचार्य ने शहर के बस पड़ाव एवं वहीं अवस्थित वृद्धाश्रम के आस पास सफाई कर शहरवासियों में सफाई के प्रति जागरुकता लाने का एक जोरदार प्रयास किया।

# छात्रों और युवाओं को तंबाकू के नुकसान से बचाने के लिए गांधी जयंती पर लॉन्च किया गया नया अभियान 'प्रॉमिस टू प्रोटेक्ट'

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण-4 (2019)के मुताबिक, भारत में 38 प्रतिशत सिगरेट, 47 प्रतिशत बीड़ी पीने वाले और52 प्रतिशत धुआं रहित तंबाकू का सेवन करने वाले अपने 10वें जन्मदिन सेपहले इसका उपयोग शुरू कर देते हैं। गांधी जयंती पर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने डिजिटल कॉन्फ्रेंस में एक नया अभियान 'प्रॉमिस टूप्रोटेक्ट' लॉन्च किया है, जिसमें पूरे भारत से 1,000 से ज्यादा शिक्षकों कोजोड़ा जाएगा और उन्हें छात्रों एवं युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने औरअपने स्कूलों को तंबाकू मुक्त रखने की प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। प्रॉमिस टूप्रोटेक्ट एक सम्मोहक डिजिटल अभियान है, जिसमें प्रतिज्ञा भी शामिल है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदाकरना और युवाओं को तंबाकू का सेवन शुरू करने से रोकने की दिशा मेंप्रयास करना है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तंबाकूमुक्त शैक्षणिक संस्थानों पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप, यह अभियानभारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाना और इसे बढ़ावा देनाचाहता है।

प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेता और प्रस्तुतकर्ता करणवीर बोहराद्वारा संचालित डिजिटल कॉन्फ्रेंस में प्रख्यात वक्ता और पैनलिस्ट शामिलहुए - जिसमें संजय कुमार, सचिव (स्कूल शिक्षा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. जोसेफ इमैनुएल, निदेशक (शैक्षणिक), केंद्रीयमाध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), डॉ. पंकज चतुर्वेदी, हेड एंड नेक कैंसरसर्जन, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, और डॉ. विशाल राव, ग्रुप डायरेक्टर, हेड एंड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, एचसीजी कैंसरसेंटर, बेंगलुरु प्रमुख हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जले में आगामी विधानसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए हम सब की सहभागिता,सतर्कता एवं सक्रियता आवश्यक है। इसके लिए मध्यप्रदेश,झारखण्ड तथा उ. प्र.से लगी सभी सीमाओं पर सीसी टीवी लगाए जाने की योजना तैयार की गई है ताकि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी,अवैध गतिविधि की सूचना और अवांछित व्यक्तियों पर सतत् निगाहें रख कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा सके। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह ने समीक्षा बैठक में पुलिस अफसरों से कहा कि पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के दौरान-जिन बदमाशों के खिलाफ जिला बदर एवं रासुका के तहत कार्यवाही की गई है। उन बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगाह रखना जरुरी है। इसके अलावे सीमापार से आने वाली अवैध नशीली दवाईयां, गांजा, हेरोईन, शराब तथा अन्य मादक पदाधारें की तस्करी करने वाले अपराधियों पर कड़ी निगाह रखकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता के प्रति प्रत्येक दिशा में अच्छा कार्य कर उनके मन में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाना है। इसके लिए सामूदायिक पुलिसिंग को बेहतर बनाकर मजबूती से कार्य करना होगा। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है जिसके लिए हर कर्मचारी-अधिकारी के अन्दर समर्पण की भावना होना आवश्यक है। डॉ.सिंह ने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए स्कूली बच्चों के आने जाने के समय पेट्रोलिंग अवश्य करें ताकि छेड़-छाड़ की घटानाओं में रोक लग सके। इस समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को शाम के बाद गश्त पर निकलने, नियमित पेट्रोलिंग करने, रोजाना बैंक एटीएम चेक करने, मुसाफिर रजिस्टर अपडेट रखने, ओवर लोडिंग, अवैध मादक पदार्थ, संदिग्ध व्यक्ति,ठेले तथा फेरी वालों को नियमित रुप से चेक करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग के राजपत्रित अफसरों समेत जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी मौजूद थे।

# विकास खंड स्तरीय गांधी एवम शास्त्री जयंती स्काउट्स गाइड्स ने मनाया





पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त एम सी बी अजय मिश्रा के आदेश के परिपालन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवम स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती को विकास खंड मनेन्द्रगढ़ के स्काउट्स ,गाइड्स ,स्काउटर एवम गाइडर द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

यह विकास खंड स्तरीय जयंती कार्यक्रम शा कन्या उ मा वि मनेन्द्रगढ़ ( शिक्षा विभाग) के सभा कक्ष में किया गया जिसमें सभी स्काउट्स,गाइड्स,स्काउटर एवम गाइडर द्वारा सबसे पहले सर्व धर्म सभा का आयोजन कर के सर्व धर्म प्रार्थना किया गया. प्रार्थना के दौरान सभी धर्मो के अनुयायियों के द्वारा व्यक्तिगत प्रार्थना किया गया। महात्मा गांधी जी एवम लालबहादुर शास्त्री जी के छाया चित्र में कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा,सत्येंद्र सिंह प्राचार्य ,यू बी मिश्रा,विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ सुरेन्द्र जायसवाल, बी आर सीअजय राय ,पार्षद अजय जायसवाल, अनिल प्रजापति,एल्डर मेन अबरार अहमद,प्राचार्य द्वय राजकुमार पांडे, कालरा के द्वारा पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।जिला संगठन आयुक्त स्काउट दान बहादुर सिंह,अशोक साहू जिला सचिव, विकास खंड सचिव जितेंद्र सिंह तथा सहयोगी स्काउटर गेंदलाल गोवाल, संतोष यादव तथा गाइडर अग्नेश दास तथा व्याख्याता टी विजय गोपाल राव के साथ मिलकर आज के इस जयंती दिवस पर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण तथा स्वच्छता अभियान चलाया गया । सर्वधर्म प्रार्थना सभा मे आजाक एवम शिक्षा विभाग कन्या उ मा विद्यालय, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल,सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल झगराखण्ड के स्काउट्स एवम गाइड्स उपस्थित रहे।

# जरवाय गौठान में नहीं हुई है 30 सितंबर को किसी गाय की मृत्यु

**रायपुर।** नगर निगम क्षेत्रातंर्गत स्थित जरवाय गौठान का संचालन रायपुर नगर निगम द्वारा समुचित ढंग से किया जा रहा है। इस गौठान में पानी, चारे एवं पशुओं के स्वास्थ्य जांच व उपचार की पर्याप्त व्यवस्था नगर निगम व पशुधन विभाग की देखरेख में नियमित रूप से किया जा रहा है। शासकीय पशु चिकित्सक डॉ. सुमीत गर्ग व के.के. चंद्राकर की निगरानी में गौठान लाए जाने वाले दुर्घटनाग्रस्त, बीमार, वृद्ध पशुओं को प्रतिदिन स्वास्थ्य जांच व उपचार की पर्याप्त सुविधा है। इस गौठान में पानी एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पूर्व से ही नगर निगम द्वारा एजेंसी का निर्धारण कर उसकी सेवाएं ली जा रही है। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि गौठानों के रख-रखाव में लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों एवं इस कार्य हेतु नियुक्त एजेंसी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। जरवाय गौठान में भूख-प्यास से 6 गायों की मौत संबंधी समाचार पूर्णतः निराधार एवं असत्य है। इस गौठान में किसी भी गाय की मृत्यु 30 सितंबर 2023 को नहीं हुई है। नगर निगम व गौठान हेतु नियुक्त चिकित्सकों के परामर्श पर यहां रखे गए 5 बीमार गायों को सघन उपचार हेतु राज्य पशु रेफरल चिकित्सालय लाया गया था।

## महिला एवं जुड़वा बच्चे बिल्कुल स्वस्थ

# कोरबा जनजाति की महिला ने नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से दिया जुड़वा बच्चे को जन्म

पायनियर संवाददाता ✓ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत गम्हरिया निवासी कोरबा जाती की महिला पान पति ने नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। महिला के पति पालूस कोरवा ने बताया कि प्रसव पीड़ा प्रारंभ होते ही मैंने उसे तत्काल अस्पताल में लेकर आया जहां भारती करने के बाद नर्सो की मदद से नॉर्मल डिलीवरी होने के बाद हमारी पत्नी एवं जुड़वा बच्चे दोनों स्वस्थ है। बच्चे का जन्म अगर नॉर्मल डिलीवरी से होता है तो सिजेरियन डिलीवरी से बच्चा पैदा करने वाली मां की तरह नेचुरल बर्थ देने वाली मां को पेट या वजाइना में कोई कट नहीं लगाया जाता है। व्ही नॉर्मल डिलीवरी से पैदा होने वाले बच्चों में संक्रमण का खतरा कम रहता है। जबकि मां को भी चलने-फिरने में कोई खास परेशानी नहीं होती है।

### अत्याधुनिक युग में सी–सेक्शन आसान विकल्प

आज भले ही कई महिलाओं को सी-सेक्शन एक आसान विकल्प लगता हो, लेकिन लंबे समय में यह मां और बच्चे, दोनों के लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। यही वजह है कि घर के बड़े-बुजुर्ग महिलाओ के द्वारा हमेशा नॉर्मल डिलीवरी करवाने की सलाह दी जाती हैं। नॉर्मल डिलीवरी बच्चे को जन्म देने क प्राकृतिक तरीका है,जो मां और बच्चे,दोनों के लिए सुरक्षित होता है। कई शोध बताते हैं कि 85 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की सामान्य डिलीवरी हो सकती है,जबकि 15 प्रतिशत को चिकित्सीय कारणों से सी-सेक्शन की आवश्यकता पड़ सकती है। बावजूद इसके मौजूदा आंकड़ों के अनुसार 30 प्रतिशत से अधिक गर्भवती महिलाएं सी-सेक्शन से होकर गुजरती हैं। जिससे पता चलता है कि महिलाएं आज प्रसव पीड़ा से बचने के लिए वैकल्पिक सिजेरियन डिलीवरी का सहारा लेना ज्यादा पसंद करने लगी हैं। लेकिन सिजेरियन डिलीवरी से मां और बच्चे को कई तरह के नुकसान होते हैं।

# आदर्श भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



महासभा के मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है तथा समय समय पर महासभा के द्वारा कार्यक्रम किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद खरे के कुशल नेतृत्व में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा आज 02 अक्टूबर 2023 को सुबह 10.30 बजे कायस्थ कुल गौरव हम सबके आदर्श भारत के पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर शास्त्री चौक रायपुर में महासभा के पदाधिकारियों के द्वारा एकत्रित होकर शास्त्री की प्रतिमा में माल्र्यापण किया गया तथा उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कायस्थ समाज के सरंक्षक संजय श्रीवास्तव, महासभा के महामंत्री प्रदीप वर्मा, निर्मल निगम, अनुराग निगम, दिलीप वर्मा, अशोक श्रीवास्तव, युवा विंग के अमित वर्मा, अभिषेक सक्सेना, दीपक श्रीवास्तव तथा बहुत संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# ग्राम सोमनी में शमशान में रखे जा रहे मवेशी, गौठान अब तक नहीं बना



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना में शामिल गौठान निर्माण व संचालन के लिए ग्राम पंचायत सोमनी ने चौंकाने वाला विकल्प तलाशा है। यहां शमशान में गौधन रखा जा रहा है। आश्चर्यजनक है कि इतने लंबे समय में यहां अब तक गौठान का निर्माण नहीं हो सका है। अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि इन हालात में गौठान योजना की यहां कितनी प्रगति हुई होगी। ग्रामीणों ने जानकारी दी है कि , ग्राम पंचायत सोमनी में इन दिनों शमशान में ही गौठान बना कर मवेशियों को रखा जा रहा है। पिछले डेढ़ वर्ष से ग्राम सोमनी में गौठान निर्माण प्रस्तावित है। लेकिन जगह-जगह सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के चलते ऐसा कोई स्थल अब तक चयनित नहीं हो सका है जहां गौठान का निर्माण हो। ऐसा ही कई दूसरे निर्माण कार्यों की स्वीकृति के साथ भी हो रहा है। आरोप पंचायत पर भी लग रहे हैं कि प्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते ऐसे हालात बने हैं।

ग्राम सचिव से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो वर्षों से 21 हजार 906 किलो गोबर खरीदी की जा चुकी है और आगे खरीदी की जा रही है। इसमें भी हेरा फेरी की आशंका ग्रामीणजता रहे हैं।कहा जा रहा है कि यहां डेयरियों से गोबर लाकर ग्रामीणों के नाम से खपाया जा रहा है।ग्रामीणों ने इस विषय पर शिकायत की बात कही है। इस विषय पर भाजपा के ग्रामीण महामन्त्री कृष्णा तिवारी ने क्षेत्र के विधायक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के संज्ञान में लाकर शिकायत की बात कही है।

## कांग्रेस का सेक्टर व जोन प्रभारी का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रत्येक विधानसभा स्तरीय सेक्टर प्रभारी व जोन प्रभारी का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम आलीवारा में आयोजित हुआ। प्रदेश कांग्रेस के ट्रेनर अनमोल पवन चौबे ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सेक्टर लेवल पर कार्यक्रमों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, पीसीसी ट्रेनर अनमोल पवन चौबे, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष लादूराम, डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, लाल बहादुर नगर ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, डोंगरगांव मंडी अध्यक्ष गणेश साहू, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, रोशन यादव, बनाऊ राम जोशी, नीलांबर वर्मा ,श्याम सुंदर हठिले , होमदत वर्मा ,किशोर बनाकर ,मुरली निषाद, जितेंद्र चुनारकर, रेखा वर्मा, मदन मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के लिए आज से बंद रहेगा रोप-वे

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित रोप-वे के मेला मरम्मत कार्य व रोप को बदलने हेतु रोप-वे का संचालन तीन अक्टूबर से आगामी आदेश तक बंद रखा जाएगा। मरम्मत कार्य के बाद रोप-वे का संचालन फिर से शुरु कर दिया जाएगा।

# जिला कांग्रेस में डोंगरगांव कांग्रेस के चेहरों की नियुक्ति



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के नवाज खान समर्थकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा जिले की टीम में नवाज समर्थकों के नामों पर मुहर लगाने से डोंगरगांव विधानसभा कांग्रेस में सरगर्मी पैदा हो गई है। उल्लेखनीय है कि दिग्गजनेता जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज़ खान समर्थक कहे जाने वाले प्रभा साहू, असफॉक तंवर शेरू खान, रोहित सोनकर, देवेंद्र दुबे, प्रीति भेलस साहू, महेंद्र वैष्णव, विष्णु सोनी, कमलेश वर्मा, देवारू मालेकर, मुस्ताक खान को महत्वपूर्ण पद दिया गया है। इनके अलावा वरिष्ठनेता वीरेंद्र बोरकर, युवक कांग्रेस से प्रियंक जैन व राकेश साहू भी नवाजे गए है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नवाज़ खान तथा जिला अध्यक्ष भागवत साहू का आभार व्यक्त किया है। विज्ञप्ति मुताबिक जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज समर्थकों में जिले से वरिष्ठनेता नरेश शुक्ला, मिथलेश ठाकुर, निजामुद्दीन, अगनू साहू, गिरधारी साहू, दुर्गेश द्विवेदी, अजय मारकंडे, उर्मिला साहू, क्रांति भंडारी, किशन वैष्णव, जयेश डाकलिया, रवि बाघमारे, चंद्रशेखर सोनी, ऋषि शर्मा को भी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी में पद दिया गया है।

# वृद्धाश्रम में हुआ वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

रविवार जीवन आनंद वृद्धाश्रम ग्राम बछेराभाटा में वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन किया गया। को तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनिश दुबे व अपर मुख्य न्यायाधीश सीमा प्रताप चंद्रा इसमें शामिल हुए। वृद्धाश्रम के सभी वरिष्ठजनों को उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। उन्हें बताया कि कोई भी समस्या का समाधान न्यायालय के द्वारा शीघ्र किया जाएगा जो न्यायालय द्वारा उचित



हो। विधिक साक्षरता शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर अशोक कुमार पाण्डेय व पवन कुमार मंडावी उपस्थित रहे।

# कई जगह से की गैस सिलेंडर की चोरी, पुलिस ने दबोचा



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बसंतपुर थाने में आए गैस सिलेंडर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोर ने रिद्धि सिद्धि कॉलोनी और कौरिनभाठा से सिलेंडर पार किए थे। उसके कब्जे से पुलिस ने 10 सिलेंडर बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक प्रार्थियों ने सूचना दी थी कि उनके घरों से सिलेंडर चोरी हुई हैं। एक ही तरह के अलग-अलग मामले सामने आने पर पुलिस ने इसकी जांच शुरु की। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध के सामने आने पर पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की। हिरासत में लिए गए जितेन्द्र कुमार साहू (31) वार्ड नं0 41 शिव नगर ने चोरी के अपराध कबूल लिए। उसके कब्जे से पुलिस ने 10 खाली गैस सिलेंडर बरामद किए हैं।

# गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री करने वालों को सरकार का है संरक्षण : हेमलाल वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



लाल बहादुर नगर क्षेत्र के भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा ने कांग्रेस सरकार और क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू के ऊपर अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों को सरंक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कुछ दिन पहले डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत- डुंडेरा एवं रेंगाकठेरा जो विधायक के गृहग्राम आलीवारा से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर है। वहां के सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक के पास जाकर गुहार लगाते हुए कहा कि अवैध शराब बिक्री करने वाले व्यक्ति को सरकार और पुलिस के द्वारा सरंक्षण दिया जा रहा है। वैसे ही रेंगाकठेरा के ग्रामीणों ने तो अवैध शराब बिक्री करने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से सड़क में बैठ गए। घंटो हंगामा हुआ। बहरहाल, पुलिस द्वारा बहुत समझाने के बाद मामला अभी शांत हुआ हैलेकिन अभी यह खत्म नहीं हुआ है। हेमलाल वर्मा ने कहा कि डोंगरगांव विधानसभा में तुमड़ीबोड़ से लेकर बागनदी तक ढाबों में शराब बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। यह अवैध शराब बिक्री सत्ता सरकार और क्षेत्रीय विधायक के सरंक्षण के बिना संभव नहीं है। इसमें भी कमीशन का खेल चल रहा है जिसके चलते ऐसे लोगों के ऊपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रहा है। ऐसे अपराधिक व्यक्तियों पर पुलिस को कार्यवाही नहीं करने के लिए दबाव बनाया जाता है।जिसके चलते क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और क्षेत्र के ग्रामीण परेशान होकर शासन प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। हेमलाल वर्मा ने कहा कि डोंगरगांव की जनता ने मन बना लिया है कि ऐसे विधायक और ऐसे सरकार को इस बार उखाड़ फेंकना है।

## मोपेड सवार बुजुर्ग को कार ने चपेट में लिया, मौत

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिले में मोपेड से घर लौटते एक बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गईहै। एक अक्टूबर की शाम को एक निजी काम निपटाकर बुजुर्ग जैसे ही घर के नजदीक पहुंचा, उसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायल हालत में खैरागढ़ के सरकारी अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती किए गए बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ के चंदैनी के रहने वाले फिरतूराम लोधी अपनी मोपेड से अतरिया गांव से लौट रहा था। शाम लगभग साढ़े 5 बजे जैसे ही वह घर के नजदीक पहुंचा, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे चपेटे में ले लिया। जोरदार ठोकर मारने से बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोंटे पहुंची। लहुलुहान हालत में उसे अस्पताल ले जया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र की शिकायत पर कार सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खैरागढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वृद्धजनों ने गाया 'मैं भारत हूं, भारत है मुझमें' गीत



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस अवसर पर वृद्धजनों का सम्मान प्रशासन द्वारा किया गया। इस दरम्यान प्रशासन ने वृद्धजनों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत 80 प्लस वृद्धजनों को वोट का संकल्प दिलाते हुए लोकतंत्र को सफल बनाने सहयोग करने की अपील की गई। नगर क्षेत्र के 80 प्लस आयु से अधिक उम्र वाले मतदाता ननकू, नंदकिशोर, रामबाई, हीराबाई, अनूपा, नर्मदा, आशा, सूरज बाई, सेवती, कौशल , हेमकुवर, सुलोचना सहित अन्य नागरिकों को लोकतंत्र को सफल बनाने सौ प्रतिशत वोटिंग कर मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई गई। मैं भारत हूँ भारत है मुझमें गीत भी गाया। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा भी लगाया। स्वीप कार्यक्रम में एसडीएम अश्वन कुमार पुशाम, तहसीलदार प्यारेलाल नाग, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वीरेंद्र साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर, पर्यवेक्षक नूपुर पांचाल, आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल प्राचार्य मनोज सोनकलिहारी, गजेंद्र हरिहरणो, जोशी, नगर पंचायत के समस्त बीएलओ सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

## कलेक्टोरेट से निकली स्वच्छता रैली



**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्राएँ, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य, समूह की महिलाएँ उपस्थित थे। कलेक्टर परिसर से सामुदायिक भवन, दशहरा मैदान तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जी के बारे में बताते हुए उनके आदर्शों का पालन करने, उनके बताए रास्तों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने आगे कहा कि गांधी जी अहिंसा और सत्य की राह पर चले इसलिए पूरा विश्व उन्हें प्रेरणा स्त्रोत मानते हैं। स्वच्छता को लेकर कहा कि हमें अपने साथ आसपास को स्वच्छ रखनी चाहिए।

# कांग्रेस ने निकाली भरोसा यात्रा



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर कांग्रेस ने राजनांदगांव विधानसभा में भरोसा यात्री निकाली। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में यात्रा पहुंची और भूपेश सरकार का नारा बुलंद किया। बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस बाईक में सवार होकर यात्रा के साथ चले। वरिष्ठों ने भी इसमें अपनी उपस्थिति दी। कांग्रेस के दावेदार चेहरे यात्रा में सामने दिखे।

# मधु ने रमन के 15 साल के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विविध विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए विधायक निधि से स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनका लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के हाथों संपन्न हुआ।

इसी तारतम्य में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अचानकपुर भांटापारा एवं खुटेरी में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। ग्राम अचानकपुर भांटापारा में पूर्व सांसद ने साढ़े छह लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का एवं तीन लाख रुपए की लागत से विधायक निधि से स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। ग्राम खुटेरी में मधुसूदन यादव ने विधायक निधि मद से पांच लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही रायल्टी मद से तीन लाख रुपए की लागत से पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्य संपन्न कर विकास कार्य की आधारशिला रखी। ग्राम खुटेरी के आयोजन में रेखा कोसरे, हेमन्त दाऊ, नील निर्मलकर, गोपाल साहू, जितेन्द्र साहू, परशुराम सिन्हा, धनेश, परस, पूनीत, नारायण, पिन्टू, बन्टी, रामलाल साहू, लाकिश साहू सहित खुटेरी के स्थानीय निवासीगण उपस्थित रहे। उक्त दोनों ग्रामों में पूर्व सांसद मधू ने जनता से जनसंपर्क एवं संवाद किया।

## गांधी जयंती में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**छुरिया।** विकासखंडछुरियास्थित आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बेलरगोंदीद्वारा सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर सरपंच रमशिला सोनबोईर, सचिव छगनलाल पोर्ते, अंजोर दास मानिकपुरी,हमीर,जलन बाई, मगनतीन बाई,हेमलता, लक्ष्मीबाई, प्रभात साहू, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारीडॉ अनिरुद्ध पटेल, देवदास साहू, शंकर लाल कंवर, छगन राम वर्माव नागरिकों की उपस्थिति में महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया।आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण ,ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया इस शिविर में 156 रोगियों ने लाभ लिया।

## ब्लॉक डेव्हलपमेंट फेलो पद के लिए वरिष्ठता सूची जारी साक्षात्कार 4 अक्टूबर को

**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में ब्लॉक डेव्हलपमेंट फेलो पद के लिए प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की वरिष्ठता सूची जारी कर दिया गया है। जारी सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइटसे कर सकते हैं। जारी सूची के अनुसार शैलेश कुमार अचिंत्य, सविता हेमंत साहू, अमरजीत कुमार, विकास कुमार साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, गिरीश कुमार साहू, पीलेश्वर कुमार नवरंगे, चंद्रशेखर माथुर, अभिनीत कुमार लाल, मुकेश कुमार साहू का नाम शामिल है। संबंधित अभ्यर्थियों के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के कार्यालय में 4 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया गया है।

# कांस्य पदक विजेता हेमंत का हुआ आतिशबाजी के साथ स्वागत



पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

गंडई टिकरीपारा वार्ड 11 निवासी कांग्रेसी नेता व पार्षद रहे स्व बिसरू मरकाम के पुत्र हेमंत मरकाम गोवा राज्य में आयोजित वेस्ट इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 66 सीनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता है। उन्होंने कुल 432.5 किलोग्राम एस्कॉर्ट 157.5 किलोग्राम, बेंच प्रेस में 95 किलोग्राम , डेडलिफ्ट में 180 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया है। बताया जाता है कि इस स्पर्धा में पांच राज्यों के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कवर्धा में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के बाद उनका चयन गोवा राज्य के लिए हुआ था। नगर पंचायत गंडई में हेमंत मरकाम ठेका श्रमिक के तौर पर कार्यरत है। हेमंतका सोमवार 2 अक्टूबर को बस से गंडई मुख्य चौक शाम 6 बजे पहुंचते ही नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन, सीएमओ गिरीश साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक कमल किशोर नेताम ,विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, सहित उनके समर्थकों और जीम के खिलाड़ियों ने मुंहमीठा कराकर जोशीला स्वागत कर जमकर आतिशबाजी की।

# गांधी जयंती को स्वच्छता दिवस के रुप में मनाया गया



पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत के सभाकक्ष में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर स्वच्छता दिवस मनाया गया। निकाय में कार्यरत अलग अलग विभागों के कर्मचारियों व वृद्ध गणमान्य का सम्मान किया गया। जनसभा ने स्वच्छता को लेकर शपथ ली। नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन ने शपथ दिलाते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमे सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश कि कल्पना थी। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। इस दौरान निकाय के अलग अलग विभागों के कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों का फल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन, पार्षद सूरज नामदेव, क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन, नीलम नामदेव, मैनुद्दीन सोलंकी, सीएमओ गिरीश कुमार साहू, विष्णु सिंह ठाकुर, भारत तिवारी, कमल किशोर नेताम, नवीन नामदेव, रमेशर निर्मलकर, युगल ताम्रकार, हुलास साहू, जितेंद्र बंजारे, इसराइल खान, राखी खान, गायत्री देवांगन, सरस्वती देवांगन, सहित निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निरीक्षण के लिए कोर्ट पहुंचे मुख्य न्यायाधिपति



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय राजनांदगांव के सभी न्यायालयीन कक्ष, विभिन्न अनुभागों, अधिवक्ता कक्ष, न्यायालय परिसर स्थित पार्किंग, गार्डन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला न्यायालय की अधोसंरचना, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही जिला न्यायालय परिसर स्थित प्राथमिक उपचार कक्ष में जीवन रक्षक दवाईयां एवं उपचार हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने सभी न्यायधीशों एवं अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक ली। उन्होंने अधिवक्ता संघ की बैठक में न्यायदान के लिए सदस्यों से बेहतर सहभागिता की अपेक्षा की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अरविंद वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमवीएलएन सुब्रह्मण्यम, प्रोटोकॉल ऑफिसर आरएस नेगी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



# हर किसान का धान खरीदा
# खेती किसानी को बनाया फायदे का सौदा

## वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए 33,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

### वर्षवार बढ़ती धान खरीदी

| | | | |
|---|---|---|---|
| 80.94 लाख मीट्रिक टन | 92.02 लाख मीट्रिक टन | 97.99 लाख मीट्रिक टन | 107.53 लाख मीट्रिक टन |
| वर्ष 2019-20 | वर्ष 2020-21 | वर्ष 2021-22 | वर्ष 2022-23 |




## समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी के साथ किसानों को धान के मिल रहे
## देश में सर्वाधिक प्रति क्विंटल 2,640 रुपये

## छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा ऐलान
## अब खरीदेगी प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान

Samvad- 38713/1

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

PM GatiShakti
National Master Plan for Multi-Modal Connectivity
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20



# छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को समर्पित मोदी सरकार

# ₹ 26 हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण और शिलान्यास

## राष्ट्र को समर्पण

### एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का नगरनार स्टील प्लांट

- बस्तर के स्थानीय समुदाय का सपना हुआ पूरा
- हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार
- भारत और दुनिया के स्टील मानचित्र पर स्थापित हुआ बस्तर

### जगदलपुर-दंतेवाड़ा रेल लाइन का दोहरीकरण

- बेहतर यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी
- देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान

### अंतागढ़ – ताड़ोकी नई रेल लाइन

- छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग तक सीधा रेल संपर्क
- आदिवासी बहुल क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक उत्थान का नया युग

### राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (पुराना रा. रा. - 78) के कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखण्ड सीमा खंड का 2 लेन मय पेव्ड शोल्डर में चौड़ीकरण एवं उन्नयन

- छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच यात्री और माल की निर्बाध आवाजाही
- जशपुर, सरगुजा एवं आसपास के क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक विकास

## शिलान्यास

### बोरीडांड-सूरजपुर रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना

- छत्तीसगढ़ को देश के उत्तरी एवं पश्चिमी भाग से जोड़ने का सुविधाजनक मार्ग
- स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन

### अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जगदलपुर रेलवे स्टेशन का उन्नयन

- स्थानीय पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा
- रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं

## शुभारंभ

### ताड़ोकी-रायपुर DEMU ट्रेन सेवा

- अंतागढ़ से तारोकी तक ट्रेन सेवा का विस्तार
- विद्यार्थियों, व्यापारियों और व्यवसायियों को लाभ

# श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नारायण चंदेल**
विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा

**श्री दीपक बैज**
सांसद

**श्री अरुण साव**
सांसद

**दिनांक: 3 अक्टूबर, 2023 | समय: 1100 बजे | स्थान: लालबाग मैदान, जगदलपुर**








कार्यक्रम का सीधा प्रसारण DD NEWS पर देखें

# भारतीय रेल

/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403